जहां तक खेती का संबंध है, गाय का सवाल हमारे लिए अत्यन्त महत्व का है; क्योंकि अगर अच्छे बैल न हों तो खेती करना इतना आसान नहीं होगा। आज हम जब गोसंवर्धन सप्ताह मनाने जा रहे हैं तब यह विचार आता है कि गाय को संभाले बिना हम देश में खेती को आबाद नहीं कर सकते। एक दूसरा सवाल है खुराक का। हिन्दुस्तान की खुराक में आमतौर से दूध की कमी है। पर दूध की दृष्टि से हम दो-दो जानवर नहीं रख सकते। एक, बैल के लिए गाय, और दूसरे, दूध के लिए भैंस। हिन्दुस्तान को इस प्रकार का एक प्राणी रखना होगा, जिससे हमें दूध भी मिल सके और बैल भी मिल सके। एक तीसरा सवाल है खाद वगैरह का, और चौथा सवाल है रोजगार वगैरह का। यह सब देखते हुए हमारा फर्ज हो जाता है कि हिन्दुस्तान की अर्थ-रचना और समाज रचना को मजबूत करने के लिए गाय को उसका असली स्थान दिया जाये।

हमारे सामने एक और भी सवाल है। हम देखते हैं कि गाय की हालत बिगड़ रही है। एक ओर भैंस है, दूसरी ओर है वह जिसको हम वेजीटेबल घी कहते हैं, और तीसरी ओर है पाउडर मिल्क। ये सब जरूरी हों या न हों, यह अलग बात है लेकिन जहां तक सर्वांगीण दृष्टि से आर्थिक रचना का सवाल है वहां हमारा फर्ज हो जाता है कि गाय को असली स्थान दिया जाये। नवे गोसंवर्धन सप्ताह के अवसर पर हमें दिल से तै करना चाहिए कि गाय को मजबूत करने के लिए हम कोशिश करेंगे।

(—आकाशवाणी के सौजन्य से प्राप्त)

कृषि की उन्नति के लिए गोसेवा

गोसंवर्धन सप्ताह के अवसर पर श्रीमन्नारायण, सदस्य, योजना आयोग का संदेश

गोसेवा का असली दृष्टिकोण है भारत में कृषि का विकास और उत्थान करना । तीसरी पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा में हमने यह स्पष्ट रूप से ज़ाहिर किया है कि हमारे देश में खेती का पूरा विकास गोसंवर्धन के बिना नहीं हो सकेगा । यह स्पष्ट है कि हमारा किसान बहुत लम्बे अर्से तक इस योग्य नहीं होगा कि ट्रेक्टरों व अन्य मशीनों से खेती कर सके । उनके लिए यह आवश्यक है कि खेतों को ठीक तौर से जोतने के लिए अच्छे बैल उपलब्ध हों, यह तभी हो सकता है जब कि हम ोधन को इस प्रकार विकसित करें कि वह खेती के लिए अच्छे बैल भी दे और साथ-साथ पीने के लिए अच्छा दूध भी । इसलिए हमने यह तय किया है कि तीसरी पंचवर्षीय योजना म हम अधिकतर इस प्रकार की नस्लों को प्रोत्साहन देंगे जो दोनों काम की हों, यानी अच्छा दूध देने वाली और अच्छे बैल तैयार करने वाली भी । हमारे देश में अब भी पशु संख्या आवश्यकता से अधिक है और हम दो-दो प्रकार के पशुओं को पाल नहीं सकते । हमें तो पशओं की जनसंख्या इस प्रकार संयोजित करनी होगी कि एक प्रकार के पशुओं से दोनों काम ले सकें और पशु संख्या का बोझा देश पर कम कर सकें । गोसेवा के भविष्य के लिए हमारी यही योजना है कि गांव गांव में गोसंवर्धन सहकारी समितियां हों जिनकी मार्फत खेती के लिए अच्छे बैल तैयार किये जायें और दूध सहकारी समितियों द्वारा शहरों में बेचा जाये । यह तभी सम्भव होगा जब कि गोशालाओं के पशुओं का पालन तथा कृषि कार्य संबद्ध हो सकें और ये एक दूसरे के पूरक हों । आज तो गोशालाएं अधिकतर दूध उत्पादन के लिए चलायी जाती हैं और बैलों को तैयार किया जाता है । इन दोनों का उपयोग सीधे ढंग से खेती के लिए नहीं होता । अब यह व्यवस्था बदलनी हो ी ताकि ये तीनों कार्यक्रम एक दूसरे के सहायक हों और देश को उन्नत बनाने में लाभदायक हों ।

भारतीय कृषि में गाय

य० म० पारनेरकर

हमारे दृष्टाओं ने जमीन का महत्व माना, उसे अपने जीवन में महत्वपूर्ण स्थान दिया; इतना ही नहीं इसे पूज्य मान कर उन्होंने अपनी संस्कृति खेती प्रधान बनाई। आज के औद्योगिक युग में भी भारत की ७५ प्रतिशत जनता कृषि-व्यवसाय में लगी है और कृषि जन साधारण को भोजन और कितने ही उद्योगों को कच्चा माल देती है। राष्ट्रीय उपज का आधा हिस्सा खेती से मिलता है।

सुदूर भूत में

देश में ज्यों-ज्यों जन संख्या बढ़ती गई त्यों-त्यों आराम की मांग होने लगी; जीवन स्तर बढ़ने लगा, खेती के उद्योग में प्रगति होती गई। जब मानव ने देखा कि उसकी शारीरिक शक्ति जमीन का उत्पादन बढ़ाने में पूरी नहीं पड़ती, उसने साधन ढूंढ़े, औजारों का निर्माण किया और उसी समय अनुभव किया कि बैल को योग्य स्थान देने से प्रगति में मदद मिल सकती है और इसी कारण बैलों की जन्मदात्री गाय को अपनाया और अनुभवों के बाद उसको माता का महत्वपूर्ण स्थान दिया। भोजन में गोमांस से गोरस का उपयोग ज्यादा स्वास्थ्यप्रद और समाज के लिए हितकर है, इसका ज्ञान होते ही उसने गो-दुग्ध-संवर्धन की ओर ध्यान दिया। जमीन की उर्वरा शक्ति कायम रखने में पशुओं से प्राप्त होने वाली खाद की ओर भी उसका ध्यान गया। मृत पशुओं की खाल आदि का उपयोग तो वह जानता ही था, उनकी सहायता से भी उसने प्रगति की।

अधिक उत्पादन

आज तक भारतीय जीवन में कृषि और गोपालन का निर्विवाद स्थान रहा है। हमारी ३५ करोड़ जन संख्या में से १४.३ करोड़ लोग काम करने वाले हैं और उनमें से १०.२ करोड़ अर्थात् (७१.८%) खेती व पशुपालन में लगे हैं और भारत की आमदनी का ५१.३% यानी ४८९० करोड़ रुपए कृषि-पशुपालन से प्राप्त होता है। इतना सब होते हुए भी हमें यह मानना होगा कि परिस्थिति बहुत अच्छी नहीं है। जनता में बेकारी बढ़ रही है। बढ़ती हुई जनसंख्या के पोषण लायक अन्न हम पैदा नहीं कर पाते, दूसरे देशों से आयात करना पड़ रहा है। ऐसा हमेशा नहीं हो सकता। खाद्यान्न में तो हमें स्वयं पूर्ण होना ही है, बेकार लोगों का पोषण हम नहीं कर पायेंगे।

इस आपत्ति से बचने का एक मात्र उपाय है—खेती की उपज बढ़ाई जाये; जमीन बढ़ नहीं सकती। खेती योग्य जमीन अपनी अंतिम सीमा तक आ चुकी है। इस हालत में हमें प्रति एकड़ उपज बढ़ाने की ओर ही ध्यान देना होगा।

जमीन की उपज बढ़ाने के कुछ तरीके सुझाये जाते हैं, उनमें से जोत को एक बड़ा कारगर साधन माना गया है। अनुमान लगाया गया है कि यदि जोत ठीक तरीके से की जावे तो उपज में कम से कम ३३% वृद्धि हो सकती है। इसके लिए अच्छे काम करने वाले बैलों की आवश्यकता होगी। आज देश में करीब ७ करोड़ बैल काम करते हैं, उनकी हालत संतोषजनक नहीं है। यदि इनमें ही सुधार किया जाये, खानपान की उचित व्यवस्था हो तो इससे कम संख्या में काम चल सकेगा। निम्न श्रेणी के बैलों के कारण जुताई ठीक नहीं होती और खर्च तो होता ही रहता है। हमारी गायें भी हल्की किस्म की हैं, अधभूखी रहती हैं, उनसे शक्तिशाली बैल पैदा करने की आशा रखना भूल है। इसी कारण कुछ लोग यंत्रों की तरफ झुकते हैं। इस प्रश्न का निर्णय हमें काफी सोच समझ कर करना होगा।

बैल बनाम ट्रैक्टर

हमारे किसानों की पूंजी सीमित है। बैलों के बजाय ट्रैक्टर खरीदने में ज्यादा पूंजी लगती है। बैल तो खेतों पर ही पैदा होते हैं, पलते हैं। उनको अपनाने में किसान समाज को खास धन व्यय नहीं करना पड़ता। यंत्र के लिए तो पूंजी आवश्यक है। यह देखा गया है कि व्यवस्थित रूप से पाले गये बैल ट्रैक्टर से ज्यादा समय तक चलते हैं, अन्त में लाभदायक होते हैं। बैलों के लिए लगने वाले घास-पात-दाना आदि सब खेतों से ही प्राप्त होते हैं। उनके लिए खास रकम खर्च करनी नहीं पड़ती। किन्तु यंत्र के तेल आदि के लिए खास धन की व्यवस्था करनी ही होगी। खेती के सब प्रकार के छोटे-बड़े काम बैलों द्वारा कराये जा सकते हैं परिस्थिति के अनुसार वे कम-ज्यादा ताकत लगा सकते हैं, और काम लेते समय खास देखभाल नहीं करनी पड़ती। ट्रैक्टर तो एक-सी ही शक्ति देता रहेगा। विभिन्न काम के लिए अलग-अलग प्रकार के यंत्र लगाने होंगे और उनका संचालन करने के लिए खास कुशल कारीगरों की जरूरत रहेगी। यह माना जाता है कि भारी काम ट्रैक्टर बगैर नहीं हो सकता। किन्तु यह अनुभव सिद्ध है कि भारी बैलों की एक से ज्यादा जोड़ियों से काम लेने पर वह पूरा हो सकता है। साधारण किसान ट्रैक्टर की मरम्मत नहीं कर सकता, छीजन का प्रश्न भी रहता है। बैलों को अच्छी हालत में रखने का तथा बिगाड़ होने पर उसको दुरुस्त करने का काम किसान कर लेता है। छीजन तो बैल स्वयं भर लेता है।

बैलों की जगह ट्रैक्टर बसाने में राष्ट्र को उनकी खरीद या उत्पादन में कितनी पूंजी लगानी होगी, प्रति वर्ष नये साधन कितने बसाने पड़ेंगे, उनको चालू रखने में तेल आदि कितना लगेगा, वह कहां से आएगा और इस सबका हमारे स्वावलम्बन पर कितना असर पड़ेगा, यह भी देखना होगा। यंत्र बसाने का अर्थ होता है खेती बड़े प्रमाण में करना। छोटे खेतों से काम नहीं चलेगा। दूसरी ओर जमीन पर सीलिंग की बात भी हो रही है। संयुक्त खेती अभी प्रयोगावस्था में है। यंत्रों के कारण बहुत-से मजदूरों को खेती से हटना पड़ता है, उन्हें कहां रोका जाये? कम नहीं ७५ प्रतिशत जनता का प्रश्न है। उद्योगों में कितनों को लगा सकेंगे? उसके लिए पूंजी कहां से आएगी? ऐसे अनेक प्रश्नों का विचार होना जरूरी है। आज की स्थिति में तो खेती की शक्ति का मुख्य सहारा बैल ही होंगे और उनकी जननी गाय को ऊंचे उठाये बगैर सर्व साधारण की उन्नति नहीं होगी।

कृषि तथा वाहन के कार्य में बैलों की श्रम शक्ति का मूल्य आंकना जरा कठिन-सा है। आंकड़े शास्त्रियों में मतभेद-सा है। वार्षिक रु० ४०० करोड़ से लगा कर ९५० करोड़ तक वह आंकी जाती है। किसी भी हालत में वह कृषि उत्पादन के ५० प्रतिशत से कम नहीं है। यह भी माना गया है कि बैलों की कार्य क्षमता बढ़ाने से खेती में कितनी ही उन्नति हो सकती है। किन्तु खेद की बात है कि इस ओर हम अपने नेता तथा शास्त्रज्ञों का उचित ध्यान नहीं खींच सके हैं। पंचवार्षिक योजनाओं में बैल के विकास की कोई भी अलग योजना नहीं दिखाई देती।

उर्वरकों के स्रोत

प्रकृति ने वनस्पति के लिए अन्न का संग्रह जमीन में कर रखा है। उसके बल पर ही प्राणियों को अपनी जीवन की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है किन्तु उसकी भी सीमा है। एक समय आ सकता है कि उसकी मात्रा इतनी गिर जावे कि खेती करना ही लाभदायी न रहे। भारत में कितनी ही जगह यह परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। हम जमीन से लेते ही रहे हैं, अब कुछ देने की बात भी सोचें। यह तो सब मानते हैं कि जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये सेंद्रिय पदार्थों की आवश्यकता होती है। उनकी उचित मात्रा में कमी होने से रासायनिक खाद लाभदायक नहीं होते। इतना ही नहीं नुकसान होने की सम्भावना भी रहती है। जमीन को सेंद्रिय खाद योग्य मात्रा में पहुंचाने का सरल और सक्रिय उपाय है, जमीन पर उपजने वाली घास-पात को पशुओं को खिलाना और उनसे मिलने वाले गोबर तथा मूत्र का योग्य संग्रह कर उसे जमीन में मिलाना। इस उपाय को ठीक ढंग से अपनाने से पशुओं का पोषण होगा, जमीन की उर्वरा शक्ति कायम रहेगी और हमें पशुओं के लिये अलग जमीन नहीं छोड़नी पड़ेगी। अब तो बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए यह लगता है कि अच्छा होने पर

भी ऐसा नहीं किया जा सकेगा। इतना ही नहीं अभी तक पशुओं के उपयोग में आने वाली जमीन में भी खेती करनी होगी।

सर्वांगीण पशु

भूखी कंकाल गायों से ऊंची जाति के बैल पैदा नहीं हो सकते, न अच्छी खाद बन सकती है; और जब तक हम गायों का पूरा उपयोग नहीं करेंगे, खानपान की उचित व्यवस्था नहीं होगी। हमारे शास्त्रज्ञ अब यह मानने लगे हैं कि दूध उत्पादन में गाय भैंस की बराबरी नहीं कर सकती। शहरी दूध-घी का प्रश्न तो भैंस पालन से ही हल होगा। यह भी प्रतिपादन किया जाने लगा है कि दूध में घृतांश ज्यादा होने के कारण यह पाचन के लिए कठिन होता है। इस कारण जन स्वास्थ्य हेतु दूध में घृतांश कम कर दिया जावे और दूध के चूर्ण को मिला कर उसके घन पदार्थ की मात्रा बढ़ाई जावे। इसके लिये भैंस ही ज्यादा उपयुक्त है। घृतांश कम करने से घी भी मिल जाता है और चूर्ण तो बाहर देश से मिल ही जाता है। इस सबका परिणाम एक ही होने वाला है। गाय के दूध की मांग घटेगी। इस क्षेत्र से गाय को हटना ही होगा। कहां जावेगी? दूर जंगल में? जहां वह घास-पात पर निर्वाह कर देश के लिये बैल पैदा करने में सहायक हो सके। आजकल यह मान्यता जोर पकड़ रही है कि देश को दो प्रकार के प्राणी पालने पड़ेंगे। दूध-घी के लिये भैंस और बैलों के लिये गाय। चूंकि शहरी जीवन में दूध का महत्व दिखायी देता है, उत्पादक को जल्दी आमदनी होती है, खानपान आदि संबंधी ध्यान भैंस को ही ज्यादा मिलेगा। परिणाम यह होगा कि बैलों की मां और भी तिरष्कृत होगी। हल्के दर्जे के बैल पैदा होंगे। खेती की उपज घटने लगेगी। यंत्रों की तरफ हमें झुकना होगा। समाज की व्यवस्था बदलनी होगी। दूसरी ओर हम गोमाता की जय के नारे लगाते हैं, गोवध-बंदी का आंदोलन करते हैं, किन्तु गायों की उपयोगिता कम करते जाते हैं। परिणामस्वरूप संख्या बढ़ेगी और हमें बरबस गोहत्या की तरफ झुकना पड़ेगा। क्या यह सब वांछनीय है?

क्या सचमुच गाय का दूध बढ़ नहीं सकता? विज्ञान हमारी मदद नहीं कर सकता? अनुभव तो बताता है कि यह संभव है। समय और धीरज की जरूरत है। क्या करना होगा, यह हम सोचें। दृढ़तापूर्वक निर्णय लें। यदि बैल आदि के लिये गाय पालना ही है तो उसके दूध को क्यों कर ठुकरा दिया जाये? उनके दूध से हमारा काम क्या नहीं चल सकता? दूध की उपज बढ़ाने में गाय का स्थान है, यह देखना है। आज तो उसकी उपेक्षा हो रही है।

कटु सत्य

हमें एक कटु सत्य को मानना ही होगा। हमारी गायें बहुत गिर गयी हैं। उत्पादन स्तर बहुत नीचा है। उसे उठाने के लिये प्रयत्न करने होंगे। कारण परंपरा की खोज करनी पड़ेगी। उन्हें धैर्य और दृढ़ता के साथ दूर करने का प्रयत्न करना होगा। इतनी बड़ी संख्या में हम पशु पाल नहीं सकते। अपना भार बढ़ा नहीं सकते। गोवध हमारे विचार-क्षेत्र से बाहर है, हमने सोच समझ कर निर्णय किया है। निकृष्ट पशु वध के लिये परदेश भेजना अव्यवहार्य है। गो-वध करने से गाय सुधरेगी ही यह नहीं माना जा सकता। क्या निम्न श्रेणी के पशुओं का वर्षोत्पादन बढ़ाने के उपाय नहीं अपनाये जा सकते? पशु संख्या पर अंकुश नहीं होगा तो गोसंवर्धन-योजनाएं लाभदायी नहीं हो सकतीं।

खेती—पशुपालन

खेती और पशुपालन का बहुत गहरा संबंध है। पशु-पालन के बगैर खेती की उन्नति नहीं हो सकती। विकास की ओर बढ़ते समय हमें कुछ तथ्यों को मानना ही होगा :—

(१) देश के हित में कृषि में उन्नति करनी ही होगी।

(२) कृषि की उन्नति में बैलों का महत्वपूर्ण स्थान है।

(३) भूखी व कंकाल गायें अच्छे बैल पैदा नहीं कर सकतीं।

(४) गाय की सर्वांगीण उन्नति किये बगैर, उसके खानपान की उचित व्यवस्था नहीं की जा सकती।

(शेष पृष्ठ ६० पर)

भारतीय खेती में गोपशु का स्थान

जी० सी० जुनेजा

अन्य प्राचीन सभ्यताओं की भांति प्रागैतिहासिक तथा पुरातन भारत में अर्थ व्यवस्था कृषि पर आधारित थी। कई प्रमाणों से लोगों के कृषि तथा पशुपालन के तरीकों का पता चलता है। तत्कालीन अभिलेखों के विवेचन के आधार पर हम कह सकते हैं कि केवल उनके तरीके न केवल समुन्नत थे अपितु उन्हें कृषि तथा पशुपालन का गहन ज्ञान था। वेद, उपनिषद, बौद्ध साहित्य, कौटिल्य का अर्थ-शास्त्र, महाभारत, मनुस्मृति, पुराण आदि से स्पष्ट होता है कि भारतीय कृषि में पशुओं का महत्वपूर्ण स्थान था।

प्राचीन भारत में पशुपालन

आर्यों ने अपने पशुओं तथा उनसे प्राप्त दूध, दही, मक्खन आदि पदार्थों पर बहुत ध्यान दिया था। ऋगवेद से प्रमाण मिलते हैं कि गाय तथा युवा पशुधन के चराने के लिए उत्तम चरागाह थे। किसान आमतौर पर अधिक संख्या में गाय तथा बछड़े रखते थे। इनकी देखरेख एक पालक करता था। चराई के लिये वे दूरस्थ चरागाहों में भेजे जाते थे। बौद्ध युग में पशु गांव में गृहस्वामी के पास रहते थे; किसी के पास चरागाह नहीं होता था। फसल कटने के बाद पशु खेत में घूमते थे लेकिन उगाई के समय उनके झुंड एक रखवाले की देखरेख में दूर चरागाहों में भेज दिये जाते थे। गोयूथ का रखवाला महत्वपूर्ण समझा जाता था। वह पशु की आम गतिविधि से पूरा परिचित होता था। वह मक्खियों को पशुओं पर बैठने नहीं देता था। इस बात के भी प्रमाण मिलते हैं कि गोयूथ का आदमी आगे चलता था और पानी पिलाने के स्थान से परिचित होता था। उसे अच्छी तरह पता था कि अच्छे तथा बुरे चरागाहों में फर्क क्या है? उचित दोहन के तरीके क्या हैं? चरागाहों पर ध्यान दिया जाता था और समय-समय पर वे पड़त छोड़ दिये जाते थे।

महाभारत में कई प्रमाण मिलते हैं जिनसे सिद्ध होता है कि गाय तथा बैल मूल्यवान सम्पत्ति समझे जाते थे और एक राज्य द्वारा दूसरे राज्य के बैल हड़पे जाने पर इनमें कभी कभी लड़ाई भी होती थी। एक ज्योतिषी द्वारा ईसा पूर्व २३वीं सदी में लिखित "कृषि संग्रह" नामक एक ग्रन्थ में कृषि विज्ञान पर काफी प्रकाश डाला गया है और कई कृषि प्रक्रियाओं का पूरा विवरण दिया गया है। इसमें पशु-प्रबन्ध के नियम तथा कानून की चर्चा है। ८२ से १०६ धाराओं में पशुओं को पौष्टिक खाद्य देने, सुबह-शाम उन्हें चराने, कृषि में बैलों का उपयोग करने, पशुशाला बनाने, उन्हें साफ-सुथरे रखने आदि कई तरीकों की चर्चा हुई है। पशुशाला की सफाई पर काफी जोर दिया गया है। ९३-९४ श्लोकों में यह बताया गया है कि गाय का पेशाब, गोबर आदि निकाल देने पर कैसे लक्ष्मी देवी निरन्तर पशुशाला में निवास करती हैं। यदि संध्या को पशुशाला में दीप न जलाया गया तो लक्ष्मी देवी उस शाला में नहीं रहेंगी तथा ऐसे स्थान में गाय चिल्लाने लगती है। इन श्लोकों में पशु की सफाई आदि सारी बातों का उल्लेख है जिनका अब भी हम विस्तार कामों में उपयोग करते हैं। भारत का प्राचीन मानव पशुपालन के सभी मुख्य सिद्धान्तों से सुपरिचित था। पशु कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते थे।

आधुनिक काल में पशुपालन

भारत मुख्यतः कृषि प्रधान देश है और इसकी ७० प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर करती है। हमारी पशु संख्या बीस करोड़ है जो कि संसार की कुल गोजातीय पशु संख्या की लगभग एक चौथाई है। हमारी कुल राष्ट्रीय आय की ५० प्रतिशत आय कृषि तथा पशुपालन से प्राप्त होती है। फिर भी साधारणतया पशुपालन की स्थिति प्राचीन समय की तरह संतोषप्रद नहीं है। ग्रामीण चरागाह तेजी से लुप्त होते जा रहे हैं और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता। आमतौर पर पशुओं को गांवों में घूमने दिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित ढंग से आहार देने का प्रयत्न नहीं किया जाता। रोग-नियंत्रण तथा

प्रजनन-सुधार के लिये श्रेष्ठ वीर्य के आधुनिक तरीके काम में नहीं लाये जाते।

फलस्वरूप दिन-दिन हमारे पशुओं की हालत तेजी से बिगड़ती जा रही है। इस समस्या के प्रति हम तो जागरूक हैं लेकिन अभी तक देश ने इसके हल के लिये ठोस कदम नहीं उठाया है और न इसके लिए आवश्यक प्राथमिकता ही दी गई है। जैसे मानव-कल्याण के लिये अधिक दाल तथा नगद फसल पैदा करना जरूरी है वैसे ही पशुधन के लिये अधिक चारा तथा दाना उत्पन्न करना आवश्यक है। पशुओं को भी देश की भूमि-उपयोग नीति में उचित स्थान देना चाहिए। हम केवल धार्मिक भावना तथा नारों से पशु समस्या हल करना चाहते हैं लेकिन उसके हल के लिये राष्ट्रीय स्तर पर अभियान होने चाहिए। हम तो गन्दगी साफ करने तथा भवन आदि बनाने की बातें करते हैं पर देश में दाने-दाने के लिये तरसने वाले पीड़ित करोड़ों पशुओं के लिये अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कृषि की आवश्यकता के प्रति जागरूक करने के लिये देश में दो पंचवर्षीय योजनाओं पर अमल करना पड़ा, लेकिन राष्ट्र की भलाई के लिये समुचित पशुपालन की आवश्यकता के प्रति जागरूक होने के लिये हमारे आयोजकों को शायद और दो योजना काल की आवश्यकता पड़ेगी। मुझे विश्वास है कि यदि एक बार राष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या को प्राथमिकता दी गई तो इसके लिये अपने आप अनुदान मिलने लगेंगे और इस का हल भी हो जायेगा।

खेती में पशुओं का स्थान

कृषि-उत्पादन में पशु दो तरह से किसान की मदद करते हैं। प्रथम भारवाही शक्ति तथा दूसरे खाद की प्राप्ति। थोड़े-बहुत मशीनीकरण के बावजूद भी अनुमान किया जाता है कि हमारे पास करीब ७ करोड़ बैल हैं जो कि हमारे सभी कृषि कार्यों के मुख्य अंग हैं। वही किसान की उपज को ले जाते हैं। बदलने के प्रयोजन के लिये वार्षिक रूप से हमें लगभग एक करोड़ बैलों की आवश्यकता है। यह अनुमान किया जाता है कि बैल के स्थान पर मशीन शक्ति उपयोग करने के लिये हमें ४० लाख मध्यम श्रेणी के ट्रैक्टरों की जरूरत है। और पुराने ट्रैक्टर बदलने के लिये वार्षिक रूप से ६ लाख अन्य ट्रैक्टरों की जरूरत है। पैसे की दृष्टि से इसका मतलब होगा कि ट्रैक्टर के लिये लगभग ८,००० करोड़ रुपया तथा वार्षिक रूप से पुराने के स्थान पर नये ट्रैक्टर के लिये १,२०० करोड़ रुपये की आवश्यकता है। इसके साथ ही इन्हें चलाने का भी अतिरिक्त खर्च है। विदेशी मुद्रा की नाजुक स्थिति को देखते हुए हमारी वर्तमान राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में इन ट्रैक्टरों का आयात असंभव है। ट्रैक्टर की मरम्मत तथा उसे चलाने के लिये लाखों कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देना पड़ेगा, तभी मशीनीकरण संभव हो सकता है। किसान को प्रशिक्षित कार्यकर्त्ताओं को वेतन भी देना होगा।

बैल

देश में किसान के लघु आकार वाले खेतों को देखते हुए, कृषि का पूर्णतः मशीनीकरण अव्यवहारिक है क्योंकि किसान अपने बैल से खुश है। वही उसकी खुद देख-भाल करता है। बैलों का पालन-पोषण ज्यादातर कृषि पदार्थ तथा वन की चराई से हो जाता है। इसके अतिरिक्त अधिकांश कृषक इससे अपनी जीविका भी चलाते हैं। इस सिलसिले में पहली ध्यान देने की बात यह है कि पशु काम करने के साथ खाद भी देते हैं। लेकिन मशीनी कृषि-यंत्रों में ईंधन का केवल एक हिस्सा उपयोग किया जाता है और बाकी को अनुत्पादक काम के लिये जला दिया जाता है।

सेन्द्रिक खाद

पशु उपयोगी सेन्द्रिक खाद देकर भी कृषि की मदद करते हैं। उत्तम प्रबन्ध से बीस करोड़ गोजातीय पशु लगभग ४० करोड़ टन गोबर उत्पन्न कर सकते हैं जिससे ४०० करोड़ पौण्ड नत्रजन, २०० करोड़ पौण्ड फासफोरस और ४०० करोड़ कैल्शियम की उत्पत्ति हो सकती है। रासायनिक खाद कभी कभी भूमि को लाभ की अपेक्षा हानि पहुंचाते हैं। किसान सेंद्रिक खाद के उपयोग की ओर अधिक आकृष्ट हो रहे हैं और खेतों में इसका अधिक मात्रा में उपयोग किया जा रहा है।

दूध और दुग्ध पदार्थ

सेन्द्रिक खाद देकर भूमि का उत्पादन बढ़ाने तथा उत्पादन को ले जाने के अतिरिक्त पशु बूढ़े तथा बच्चों के लिये दूध के रूप में रक्षणात्मक आहार भी उत्पन्न करते हैं। हाल में इससे बने औसत कम दुग्ध उत्पादन

के बावजूद यह अनुमान किया जाता है कि केवल दूध तथा दुग्ध पदार्थों से हमें वर्ष में लगभग ६२० करोड़ रुपये की आय होती है। संसार भर के प्राचीन इतिहास में गायों का बोझ के पशु की तरह उपयोग किया जाता था। बाद में जब पता चला कि गाय दूध भी देती है और दूध से कई उपपदार्थ बनाये जा सकते हैं, खासकर हमारे देश में, तो गाय की पूजा की जाने लगी और यज्ञ तथा हवन के लिये खाद्य की तरह दूध तथा दुग्ध पदार्थों का उपयोग होने लगा। भारत में प्राचीन समय में दुधारू पशुओं की चराई पर ज्यादा जोर दिया जाता था। भारत में दूध की नदिया बहने के कथन का पश्चिमी लेखकों ने भी समर्थन किया है। उनका कथन है कि सर्वप्रथम दुधारू गाय पालने के अभिलेख प्राचीन भारत से प्राप्त हुए हैं। बाद में पश्चिमी देश गाय की उपयोगिता के प्रति जागरूक हुए और इन देशों में गाय की बढ़िया देख-भाल होने लगी।

दन न केवल आवश्यक उद्योग है बल्कि वह महत्वपूण भी है। क्योंकि दूध तथा दुग्ध पदार्थों का उपभोग बढ़ती आबादी के साथ ही बढ़ता जा रहा है। इन देशों में डेरी कृषकों की मिली-जुली खेती की अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है और दुग्ध का प्रति व्यक्ति उपभोग औसत भारतीय की अपेक्षा हम से पांच गुने से भी ज्यादा है। अमेरिका में एक परिवार अपने आहार में २५ प्रतिशत खर्च डेरी पदार्थों पर करता है। हमारे देश के मुकाबले म अन्य उन्नत देशों में दूध तथा दुग्ध पदार्थों के उत्पादन का खर्च बहुत कम है। हमारे देश में किसानों के पास सीमित क्षेत्र होने के कारण सर्वांगीण पशु के गुण पर ज्यादा ध्यान देना पड़ता है जो मिली जुली खेती का आवश्यक अंग है। वह वर्ष भर किसान के लिये निरंतर अतिरिक्त आय का साधन है। वर्तमान बहु फसलीय तरीके के स्थान पर मिली-जुली खेती अपनाने से न केवल दुग्ध उत्पादन तथा

पशु भारतीय कृषि की रीढ़ है। कृषकों की उन्नति के लिये पशु श्रम ही मुख्य प्रेरणा शक्ति है और भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिये उसको खाद शायद सुगम साधन है। यदि कृषि पर हमें अपने राष्ट्र को स्वस्थ बनाना है तो पशुधन की क्षमता को सुधारना ही होगा। उनके लिए पर्याप्त तथा संतुलित खाद्य देने के तथ्य पर खास ध्यान देने को जरूरत हैं। यह महसूस करने पर ही पशु के साथ न्याय संभव होगा। हमें खेती के फसल क्रम को पुनः व्यवस्थित करना है। राष्ट्र के लिये केवल अन्न में आत्मनिर्भरता से आहार में आत्मनिर्भरता हासिल नहीं की जा सकती।

पाश्चात्य देशों में गाय के सुधार तथा डेरी उद्योग के विकास के लिये प्रजनन तथा पोषाहार प्राप्ति के ज्ञान का पूरी तरह उपयोग किया जा रहा है। किसान व्यापारी तथा नेता सभी पशु विकास में रुचि लेते हैं। पशुपालकों के संघ स्थापित किये गये हैं। अच्छे चरागाहों का इन्तज़ाम किया जा रहा है, दुग्ध बोर्ड तथा दुग्ध वितरण शाखाओं का संगठन हो रहा है। प्रजनन, पोषाहार तथा प्रबन्ध के उसूलों का अनुसरण किया जा रहा है और डेरी किसान इन्हें लोकप्रिय बना रहे हैं। सभी उन्नत देशों में दुग्ध उत्पा-

दूसरे पशु-पदार्थ सस्ते दामों में उपलब्ध होंगे बल्कि अन्न फसलों का उत्पादन भी बढ़ जायेगा। फलीदार चारे से जो दुधारू पशुओं के लिये बढ़िया खाद्य है——भूमि उर्वर बनेगी तथा उसका उत्पादन बढ़ेगा। मिली-जुली खेती न केवल खेती का समन्वित तरीका बन सकता है बल्कि उत्पादन भी सुधरेगा तथा किसान को नियमित आय भी मिलेगी। इससे कृषक को वर्ष भर काम भी मिलेगा और किसान को अपने फसल उत्पादन तथा पशुधन को सुधारने के अतिरिक्त अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने में भी मदद मिलेगी।

खेतो की अर्थव्यवस्था में पशुओं का स्थान

ची० ना० दवे

हमारा देश कृषि प्रधान देश है और इसमें संसार की कुल पशुसंख्या का २५ प्रतिशत गोजातीय पशु है और पचास प्रतिशत भैंसें हैं । ८३ प्रतिशत जनता गावों में निवास करती है और करीब ७५ प्रतिशत जनता कृषि तथा पशुपालन सम्बन्धी काम-काजों से अपनी जीवका चलाती है । इसलिये यह सहज स्वाभाविक है कि किसान की अर्थव्यवस्था में पशुओं का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है । केवल पशुधन से प्राप्त राष्ट्रीय आय कुल आय की करीब २५ प्रतिशत है । बैल वर्ष में अनुमानतः कम से कम १,२०० करोड़ रुपये का भारवाही काम करते हैं ।

इसके अतिरिक्त पशु खाद के साधन हैं । इनसे प्राप्त खेत की खाद का वार्षिक मूल्य करीब १२५ करोड़ रुपया है । वर्तमान परिस्थितियों में पशुओं से प्राप्त गोबर का उपयोग भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिये नहीं किया जा रहा है, और सम्भवतः ५० से ६० प्रतिशत खाद का इस्तेमाल जलाने के काम में हो रहा है । खेत में गोबर के डालने से जमीन की उर्वरता बढ़ने के कारण फसलों के अधिक उत्पादन से प्राप्त अप्रत्यक्ष आय भी बहुत ज्यादा है । देश की अधिकांश आबादी के दैनिक आहार में पशु-दूध आहार में पौष्टिकता का मुख्य साधन है । इस प्रकार पशु जब तक जीवित रहता है तब तक अनेक प्रकार से मानवता की सेवा करता है । यही नहीं मौत के बाद भी अपना चमड़ा, सींग, हड्डी आदि देकर एक अलग उद्योग की सृष्टि करता है जिससे एक वर्ग के लोगों को काम-धंधा मिलता है । अनेक उपपदार्थों के कारण एक स्वस्थ पशु-शव का मूल्य ८० रुपया है । यह समझा जाता है कि केवल भारत ही विश्व के चमड़ा तथा खाल के व्यापार में २० प्रतिशत योग देता है । विज्ञान के विकास के कारण देहाती क्षेत्रों में गाय के ताजे गोबर से गैस भी पैदा किया जा सकता है जिससे ईंधन तथा जलाने का काम लिया जा सकता है । इससे गोबर का खाद सम्बन्धी गुण भी नहीं घटता ।

यह तो स्पष्ट है कि हमारी परिस्थितियों के अनुसार भारतीय कृषि को बैल शक्ति पर निर्भर करना पड़ता है । कुछ क्षेत्रों में मशीनी खेती का प्रयत्न किया गया है । लेकिन वह हमारे लिये अनुकूल नहीं है । सीमित भूमि, अकाल तथा बाढ़ों की अधिकता, समय पर वर्षा न होना, किसानों की गरीबी, अशिक्षा, अधिकांश आबादी का रोजगारी से वंचित रहना आदि कई कारण हैं जो मशीनी खेती के प्रतिकूल हैं । इसलिए इन परिस्थितियों की वजह से बैल हो भारतीय कृषि का सम्पूर्ण बोझ ढोता है ।

यदि हम मशीनी खेती को अपनाने का प्रयत्न भी करें तो इसके लिये अपेक्षित अत्यधिक खर्च के कारण यह अव्यवहारिक ही होगा क्योंकि स्थूल रूप से अनुमान किया गया है कि आवश्यक उपकरण के साथ हमारे लिये बीस से लेकर तीस घोड़े शक्ति के मध्यम श्रेणी के करीब ४० लाख ट्रेक्टरों की आवश्यकता है । इस प्रकार के ट्रेक्टर तथा उसके उपकरण का मूल्य करीब २६ हजार रुपया है । यदि ये ट्रेक्टर पांच वर्ष तक भी रहें तो इनकी वार्षिक मरम्मत के लिये करीब २० प्रतिशत खर्च करना पड़ता है । साधारणतया ट्रेक्टर प्रतिरोज दस घंटे के हिसाब से करीब २०० दिन तक काम करता है और तेल, साधारण मरम्मत, चालक का वेतन आदि मिलाने से प्रतिदिन चालीस रुपये का खर्च होता है । फलस्वरूप मशीनी खेती हमारे लिये आवश्यकता से ज्यादा खर्चीली होगी ।

लेकिन इसके मुकाबले में बैल शक्ति काफी सस्ती तथा हमारे लिये अनुकूल भी है । किसान अपने खेत से उत्पन्न चारे तथा दाने से ही अपने बैलों का गुजारा करता है । साधारण किसान आमतौर पर दैनिक काम में जो व्यवहारिक

शिक्षण पाता है। उसी के आधार पर वह बैलों को खेत के कामों में आसानी से लगाता है। हमारी भूमि सीमित होने के कारण बैलों से ही सुगमता से काम लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वर्षा की अनिश्चितता, एक सीमित समय में ही ज्यादा पानी पड़ना, आदि कारणों की वजह से खेती का अधिकांश काम एक समय पूरा करना पड़ता है। हमारे किसान पहले से ही बल शक्ति तथा खेती के उपकरण तैयार रखते हैं और आसानी से अपना काम चलाते हैं। इसके अतिरिक्त अधिकांश लोगों की बेरोजगारी की समस्या भी खड़ी हो जाएगी।

इसलिये अपनी वर्तमान कृषि परिस्थितियों को देखते हुए हमारे लिये बैल शक्ति सस्ती तथा सुगम पड़ती है। उनके खाद्य पर यदि हम अधिक तथा उचित ध्यान दें तो यह और भी सस्ता पड़ता है, क्योंकि कार्य क्षमता बढ़ने से फसलों के उत्पादन की दर भी घट जायेगी। इन सभी तथ्यों पर ध्यान देने से स्पष्ट है कि भारत में पशु प्रगतिशील कृषि की मुख्य नींव है जबकि औद्योगिक विकास की नींव कृषि है। अतः उत्तम प्रजनन, खाद्य तथा प्रबन्ध के जरिये पशु की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। हमारे देश की पशु संख्या के लिये आवश्यक सभी प्रकार के चारे तथा खाद्य पैदा करने के लिये वर्तमान खेती के तरीकों के अन्दर हमारे साधन बहुत सीमित हैं। इसलिये हम मिली-जुली खेती, चारे का पूरा उपयोग, इत्यादि व्यावहारिक तरीकों को अपनाना पड़ेगा। हमारे किसान यह काम आसानी से कर भी सकते हैं। यदि वे चारे पर साधारण नमक डालें तो पशु चारे को नष्ट नहीं करते और अच्छी तरह चाव से खाते हैं। अधिकांश लोगों का यह आम विश्वास है कि पशु दूध न भी दें, कम से कम गोबर देते हैं। सचमुच मितव्ययी तरीके से देखा जाय तो यह सत्य नहीं है। यह भी कहा जाता है कि यदि हमारी गायों को पौष्टिक आहार दिया जाय, उनकी देख भाल पर पूरा ध्यान दिया जाय तो वे प्रतिदिन ४५-५० **पौंड** से अधिक दूध दे सकती हैं। हमारी गाय का वर्तमान औसतन प्रतिदिन दुग्ध-उत्पादन केवल २। पौंड है। अल्प समय में ही इस उत्पादन को २०० प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाया जा सकता है।

भारतीय कृषि में गाय

(पृष्ठ ५५ का शेषांश)

(५) आज की हमारी गाय इतनी गिर गयी है कि संरक्षण किये बगैर वह नहीं टिकेगी।

(६) देश पर पशुओं का भार अहिंसक पद्धति से कम करना होगा। इतना ही नहीं पशुओं को मानव-उत्थान में सहायक बनाना होगा।

(७) श्रमिक तथा बैलों की बेकारी का देश की अर्थ-व्यवस्था पर अहितकर परिणाम पड़ेगा।

(८) दूध और बैल के लिये अलग-अलग प्राणी पालना हमारी अर्थ-व्यवस्था में नहीं जमेगा।

जनमानस

मूल अड़चन है जन मानस की। उसे हम योग्य दिशा में मोड़ नहीं सके हैं। जनता इस दिशा में देश के हित की दृष्टि से नहीं देखती। अब तो दुर्भाग्यवश जनता ने सब भार सरकार पर छोड़ दिया है। व्यक्तिगत जिम्मेदारियां भूल कर सब कुछ सरकार से ही करवाना चाहती है। अधिकारी गण, जनता का सहयोग नहीं मिलता है, यह कह कर, अलग होना पसन्द करते हैं। राजनीतिज्ञ अपना उल्लू सीधा करने के लिये उससे लाभ उठाते हैं। सही और शास्त्रीय जनमानस तैयार करने से इस महत्वपूर्ण और जटिल प्रश्न को हल करने में काफी मदद मिलेगी। इस दिशा में हमें अग्रसर होना होगा। परिणामकारक उपाय ढूंढ़ने होंगे। जनता और सरकार के बीच सामंजस्य खड़ा करने का भी यह एक अचूक उपाय बन सकेगा।

ज्ञानयुक्त परिश्रम, शास्त्रीय खोज और धीरज बगैर इस जटिल कार्य में प्रगति नहीं हो सकेगी।

कृषक की अर्थ-व्यवस्था में गाय का महत्व

बसन्ती लाल छाबड़ा

●

हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था कृषि प्रधान है। यहां की लगभग ८० प्रतिशत जनता की आजीविका खेती पर निर्भर है। पशुधन भारतीय कृषि का मुख्य अंग है तथा यहां की अधिकतर जनता की आर्थिक, शारीरिक व मानसिक उन्नति के लिए परम आवश्यक है। हमारे देश के कृषकों का नित्य का कार्य गाय के बिना चल ही नहीं सकता। गाय से कृषकों को दूध, घी और खासतौर पर मट्ठा (छांछ) मिलता है, खेती के लिए उपजाऊ खाद और इसके अलावा खेत जोतने, खींचने तथा खेत की पैदावार व अन्य सामान लाने-ले जाने के लिए बैल मिलते हैं। हमारे देश के कृषकों की माली हालत अन्य देशों के कृषकों के मुकाबले में अभी तक कमजोर है। इसके अलावा उनके पास जमीन बहुत कम है और जो कुछ है वह भी छोटे-छोटे टुकड़ों में बटी हुई है। ज्यादातर काश्तकारों के पढ़े-लिखे न होने के कारण उन्हें मशीनों के चलाने व सुधारने आदि की जानकारी नहीं है। इन सब कारणों से यहां पर खेती का कार्य ट्रैक्टरों व अन्य मशीनों से नहीं चल सकता। बल्कि यहां के कृषकों को बैलों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। हम अपने देश में यांत्रिक खेती को चाहे जितना बढ़ायें लेकिन हमारे करोड़ों किसानों का सहारा बैल ही रहेंगे। जब से इन्सान ने हल चला कर जमीन से अनाज पैदा करना शुरू किया है तब से बैल ही हमारी खेती का बोझा उठाये हुये हैं। वास्तव में भारत के किसान के हाथ पैर गाय-बैल हैं।

देश के कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां पर खेती नहीं होती और वहां लोगों को पशु-पालन पर निर्भर करना पड़ता है। राजस्थान में भी कुछ जिले ऐसे हैं जहां पर वर्षा बहुत कम होने के कारण पानी बहुत गहराई पर मिलता है। साथ ही खेती के लिए जमीन के उपयुक्त न होने के कारण खेती नहीं हो पाती, बल्कि आमतौर पर गाय-बैलों का ही पालन किया जाता है और उन्हीं की आमदनी पर लोगों का जीवन निर्भर करता है। राजस्थान में कुछ ऐसे हिस्से भी हैं जहां कि एक ही जिले में बैलों की बिक्री से साल भर में गांव वालों को चार-पांच करोड़ रुपये मिल जाते हैं।

देश में गाय-बैलों की इतनी महत्ता व अत्यन्त आवश्यकता होने के कारण ही स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी सरकार ने यह महसूस किया कि देश की हालत सुधारने और लोगों को खुशहाल बनाने के लिए सबसे प्रथम गाय की उन्नति करना परम आवश्यक है। इसी बात को दृष्टि में रख कर हमारे देश के संविधान में एक मुख्य सिद्धान्त यह भी रखा गया है: "राज्य सरकार कृषि तथा पशुपालन को आधुनिक वैज्ञानिक आधारों पर निर्धारित करेगी और मुख्य रूप से दूध और भारवाहक पशुओं के संरक्षण व सम्वर्धन के लिए कार्य करेगी तथा गाय, सांड, बैल व अन्य दूध देने वाले पशुओं के वध-विरोध के कदम उठायेगी।" गोवंश की सर्वोन्मुखी उन्नति भारत के आर्थिक पुनरुत्थान के लिए अत्यन्त महत्व रखती है। इसीलिए भारत सरकार के कृषि मंत्रालय ने कुछ अर्से पहले केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद की स्थापना की थी और उसका कार्य क्षेत्र काफी बढ़ाया जा रहा है।

यदि कृषि की वार्षिक आय का अन्दाजा लगाया जाये तो वह करीब २,२०० करोड़ रुपया है। राजस्थान में कृषि तथा पशुपालन से होने वाली वार्षिक आय का अनुपात करीबन ७ व ४ का है। उसमें से करीब पचास प्रतिशत आय पशुधन से होती है। इससे यह स्पष्ट है कि आमदनी की दृष्टि से भी पशुधन की महत्ता और किसी अन्य चीज से कम नहीं है। इस प्रकार कृषकों की अर्थ व्यवस्था में गाय का स्थान बहुत ऊंचा है। इसीलिए इतिहास के प्रारम्भ से ही गाय का महत्व स्वीकार किया जाता रहा है। उसको केवल एक रूप में ही देखना ठीक

(शेष पृष्ठ ७० पर)

आर्थिक पशु शाला

सी० बी० सिंह

लाभ पर चलने वाली पशु शाला में कई पशु रहते हैं जिनके जरिये किसान को आवश्यक खर्च करने के बाद अपने परिवार के लिये पर्याप्त खाद्य उत्पन्न करने का अवसर मिलता है। दूसरे शब्दों में भूमि, श्रम तथा पूंजी के बीच उचित सम्बन्ध का यह एक प्रबन्ध है जिससे उत्पादक को अत्यधिक संभव सुविधा मिलती है। दूसरे किसी उद्योग में लगाये जाने वाले भूमि, श्रम तथा पूंजी से जो नगद लाभ मिल सकता है वही लाभ इससे भी हासिल होता है।

केवल इस सिद्धान्त के आधार पर कोई व्यापारी डेरी-उद्योग को अपने पेशे की तरह अपनाने के लिये तैयार हो सकता है। हम सभी जानते हैं कि यह नियम कितने सही तरीके से हमारी परिस्थितियों के लिये ला ू होगा। हमारे पशु के उत्पादन तथा स्वास्थ्य का धीरे-धीरे ह्रास हो रहा है। यह इस तथ्य का सूचक है कि इस देश में एक परिवार के लिये जीविका के साधन की तरह पशु पालना संदेहास्पद है। वास्तव में हमारे देश में पशु उद्योग की संपूर्ण समस्या का यही मर्म है। पशु उद्योग को दूसरे लाभकारी उद्योगों के समान बनान के लिये बृहद योजनाएं लागू की जा रही हैं। इन योजनाओं के परिणाम तो संतोषप्रद हैं। लेकिन यह एक ऐसी पेचीदा समस्या है जिसके हल के लिये सार्वजनिक तथा निजी दोनों क्षेत्रों के साधनों को एकत्र कर भरसक प्रयत्न करना चाहिये।

पशु का महत्व

इस समस्या के हल के लिये हमारे कृषि प्रधान देश में पशु उद्योग की आर्थिक महत्ता पर पूरा ध्यान देना चाहिये। बैल जमीन जोतने की शक्ति का प्रधान साधन है। गाय ने दूध, काम करने वाले बैल बछड़े, गोबर आदि देने के कारण परिवार सदस्य का स्थान प्राप्त कर लिया है।

पशु शालाओं की दशा

डेरी पशुशाला की अर्थ-व्यवस्था को चलाने वाले तथ्यों की चर्चा करते समय यह आवश्यक है कि पशु की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला जाय। भारत में ६ प्रतिशत से २० प्रतिशत तक पशु उत्तम नस्ल के हैं। पशुपालन के वर्तमान ढंग को तीन स्पष्ट तत्व स्तरों में विभाजित किया जा सकता है। (१) अधिक संख्या में पशु किसान तथा ग्रामीणों के साथ गांवों में हैं। (२) कुछ पशु सैनिक तथा नागरिक डेरी फार्म, बड़े शहरों, सुसंगठित गोशालाओं तथा पिंजरापोलों में हैं। (३) बाकी देश के पश्चिमी तथा उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों की घुमाऊ जातियों के पास हैं।

यद्यपि देश में भूमि, कृषि तरीका, पशुनस्ल आदि में एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त तथा एक राज्य से दूसरे में विविधता पायी जाती है फिर भी सारे देश में अभी तक अधिकांश किसानों का गोपालन का ढंग लगभग एक समान है। आमतौर पर किसान के पास एक से तीन पशु रहते हैं—ज्यादातर एक गाय या भैंस और उनके एक दो बछड़े। गाय प्रधानतः बछड़े देने के लिये रखी जाती है और वे बछड़े बैल का काम देते हैं, जब कि भैंस दूध तथा घी के लिये पाली जाती है। भैंस से अधिक दूध मिलने के नाते स्वभावतः उसे अधिक खाद्य दिया जाता है और यदि गाय का बछड़ा नर हुआ तो उसका सारा दूध बछड़े के लिए छोड़ दिया जाता है। फलस्वरूप उसके खाद्य पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसी लापरवाही के कारण भैंस की अपेक्षा गाय का उत्पादन तथा स्वास्थ्य गिर गया है। चराई भूमि की कमी है, इसलिये गाय को वर्ष में चार महीने से ज्यादा चरने का मौका मुश्किल से दिया जाता है। बैल तथा भैंस के छोड़े हुए चारे पर ही उसे गुजारा करना पड़ता है। अतः गाय का उत्पादन तेजी से घटता जा रहा है। फलस्वरूप गाय का औसतन दुग्ध काल उत्पादन करीब ४०० पौंड है।

देश में करीब २५० सुसंगठित डेरी फार्म हैं । मुख्यतः वे दो तरह के हैं—सैनिक डेरी फार्म और नागरिक डेरी फार्म। सैनिक डेरी फार्म का प्रधान उद्देश्य सैनिकों को दूध व दुग्ध पदार्थ देना है। सैनिक फार्म में शाहीवाल गाय तथा मुर्रा किस्म की भैंस जैसी महत्वपूर्ण नस्लों के उत्तम स्तर के गोयूथ रखे जाते हैं । इन फार्मों का ध्येय शुद्ध दूध तथा मक्खन प्राप्त करना है और लाभ पाने का इरादा नहीं किया जाता । पशुओं को उत्तम ढंग की खुराक दी जाती है। हरेक डेरी फार्म शाखा के साथ चारा उगाने का एक लम्बा क्षेत्र रहता है। फलस्वरूप हर शाखा अपनी कुल चारे तथा दाने की आवश्यकता में आत्मनिर्भर रखती है। लम्बे घास फार्म उनके अधीन रहते हैं। चरागाह, चराई की सुविधा रहती है और अक्सर सूखी घास बनायी जाती है । सैनिक फार्मों को अधिक सुविधाएं मिलने के कारण उनकी बुनियादी अर्थव्यवस्था बाकी व्यवस्थित फार्मों की अपेक्षा सुदृढ़ रहती है । इसके अतिरिक्त नियम भी कठोर नहीं होते इसलिए केवल आवश्यक पशुओं को ही रखा जाता है। आंशिक रूप से खरीद कर नये पशु लाये जाते हैं। कुछ फार्मों में दाना तथा दूसरे नगद फसलों के लम्बे क्षेत्र रहते हैं और उनमें दूध देने तथा बैल का काम करने के लिए थोड़े-से पशु रखे जाते हैं। दूसरे वे लम्बे तथा मध्यम श्रेणी के पशु फार्म हैं जिनमें फार्म चारा तथा चराई साधनों का पूरा उपयोग करने, खाद पाने तथा पड़ौसी शहरों को दूध भेजने के लिये पशु रखे जाते हैं। कुछ पशु फार्मों में नस्ल सुधार के लिये पशु रखे जाते हैं । इन फार्मों का आकार कई तथ्यों पर निर्भर करता है ।

हमारे देश में सुसंगठित एक हजार गोशालाएं तथा पिंजरापोल हैं जिनमें १.३२ लाख पशु गोयूथ हैं । इन संस्थाओं के आकार तथा दुग्ध उत्पादन की क्षमता में बहुत फर्क होता है। इन संस्थाओं से उत्पादित दूध की वार्षिक मात्रा लगभग ३ लाख मन है। प्रतिमन २० रुपया के हिसाब से इसकी कीमत करीब ६० करोड़ रुपये पड़ती है । प्रति संस्था में उत्पादित दूध की औसतन वार्षिक मात्रा करीब २६० मन है । ६५१ गोशालाओं तथा पिंजरापोलों का वार्षिक खर्च १३१.२६ लाख रु० बताया जाता है । हरेक संस्था का औसतन खर्च २०,००० रुपया है । इन सभी आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि पशु विकास योजनाओं में उनका महत्वपूर्ण स्थान है और राष्ट्रीय आय के वे उत्तम साधन हैं । फिर भी यह जाहिर है कि जिस सिद्धान्त से इन अनेक गोशालाओं तथा पिंजरापोलों का निर्माण हुआ, आर्थिक पशुशाला स्थापित करने का उनका इरादा नहीं था । बूढ़े तथा उपयोगी पशुओं का उद्धार ही इन संस्थाओं का प्रधान कार्य है। नमें चारा तथा स्थान के मुताबिक पशु रखे जाते हैं । इसलिये कभी कभी कुछ पशु मालिक अच्छी गायों को भी पालने में असमर्थ होते हैं। वे अपने पशुओं की रक्षा के लिये गोशाला तथा पिंजरापोल भेजते हैं । इन्हीं पशुओं में से उचित देखभाल तथा खाद्य के कारण कुछ संस्थाओं में अच्छे पशु मिलने हैं।

आर्थिक तथ्य

कुछ दिन पहले के पशु अर्थ सर्वेक्षण से पता चलता है कि डेरी पदार्थों की कीमत से पशु श्रम की कीमत की तुलना नहीं करना चाहिये। फिर भी अधिकांश किसान प्रधानतः परम्परा तथा अपने परिवार की दूध तथा दुग्ध पदार्थ की मांग की पूर्ति के लिये पशु पालते हैं। जिस बैल का उपयोग बोझ के पशु की तरह होता है भारत में वह बैल किसान के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। बैलों की मांग के अनुसार एक निश्चित स्थान की पशु संख्या तय होती है। विशेषकर जहां पशुपालन के लिये अनुकूल परिस्थिति नहीं है वहां गाय कम दूध देती है और बछड़ों का विकास नहीं होता। इसलिये किसान अपनी आवश्यकता के लिये अधिक संख्या में पशुओं का प्रजनन करते हैं। पशु संख्या की इस वृद्धि से एक ओर पशुओं के लिये अधिक आहार की आवश्यकता हुई और दूसरी ओर अधिक अन्न उत्पादन के लिये भूमि पर दबाव पड़ने लगा। फलस्वरूप आकार में पशु कमजोर हो गया और उनकी संख्या में वृद्धि हो गई । पशु आकार कम होने के अनुपात से पशु की खाद्य आवश्यकता कम नहीं होती । इसके अतिरिक्त श्री जान रसेल के अनुसार यदि आहार की एक निश्चित मात्रा दो पशुओं के बजाय एक ही पशु को खिलाई जाय तो उससे अधिक खाद निकलती है। अतः निम्न उत्पादन के अधिक संख्या के पशु देश के सीमित चारे के साधनों के लिये घातक हैं। अतः यह अत्यन्त आवश्यक है कि केवल

उत्तम श्रेणी के पशुओं का ही विकास किया जाय और उन्हें फार्मों में रखा जाय।

स्विट्ज़रलैण्ड में हर एक स्वामी के पास औसतन ४-६ गाय हैं। एक दुग्ध काल में एक गाय का औसतन उत्पादन ६०० गैलन है। नियंत्रित गोयूथों में उपज ७०० गैलन है, मक्खन का औसतन स्नेह ३.५ प्रतिशत है। इस देश में डेरी महत्वपूर्ण उद्योग है। कृषकों की कुल राष्ट्रीय आय से ३४ प्रतिशत डेरी द्वारा प्राप्त की जाती है।

कुछ समय पहले इंग्लैंड में डेरी फार्म का साधारण आकार लगभग एक सौ एकड़ था जबकि अमेरिका तथा न्यूजीलैण्ड में डेढ़ सौ एकड़ था। अमेरिका में प्रतिक्षेत्र १२ गाय हैं जब कि डेनमार्क में प्रतिक्षेत्र ६ गाय हैं। इंग्लैण्ड तथा न्यूजीलैण्ड में एक औसतन गोयूथ में २५ गाय रहती हैं। परिस्थिति के अनुसार आकार में थोड़ा परिवर्तन हो रहा है। रूस में प्रति फार्म दूसरे पशुधन के साथ पशु संख्या ४६३ है। सन् १९५८ में प्रति गाय दुग्ध उत्पादन १९१३ किलोग्राम तक बढ़ गया है। रूस में ८६ प्रतिशत दूध सहकारी तथा सरकारी फार्मों से वितरण किया जाता है। सबसे अधिक सक्षम फार्म का दुग्ध उत्पादन १०० टन तक होता है।

भारत में क्षेत्र की सीमा बहुत थोड़ी होती है। उत्तर प्रदेश में औसतन तीन एकड़ का क्षेत्र होता है। पंजाब का क्षेत्र इससे कुछ बड़ा होता है। दूसरे राज्यों के क्षेत्र इनसे और भी छोटे होते हैं। इसलिये भारत विशेषकर छोटे क्षेत्रों की भूमि है और दूसरे विकसित देशों के मुकाबले में भारत की पशुधन शाखा की सीमा बहुत कम है। डाक्टर एच० डे० का कथन है कि यदि भारत की कम सीमा के पशुओं की उचित देखभाल की जाय और पौष्टिक खाद्य दिया जाय तो वतमान दुग्ध मात्रा से तीन गुना अधिक पैदा कर सकते हैं।

डेरी के लिये पशुओं की संख्या

एक छोटी डेरी पशु शाखा में छः दुधारू पशु, दो सूखे पशु, एक वर्ष से साढ़े तीन वर्ष की उम्र के तीन औसर और ६ दूध पीने वाले बछड़े हों। कृत्रिम गर्भाधान के जरिये अच्छी सेवा हो सकती है। भारवाही काम के लिये दो बैलों के साथ डेरी पशुशाला में कुल सत्रह पशु शायद एक आदर्श संख्या होगी। इन सभी पशुओं के लिये पन्द्रह एकड़ जमीन की आवश्यकता पड़ेगी। इस शाखा से पांच सदस्यों का एक औसतन ग्राम परिवार अच्छी तरह गुजारा कर सकता है। यदि पचास एकड़ के फार्म में २५ दुधारू पशु, ८ सूखे पशु, १२ औसर पशु, और २५ दूध पीने वाले बछड़े रखे जायें तो परिवार और भी अच्छी तरह अपनी जीविका चला सकता है। इसी प्रकार दूध बिकने की सुविधा मिलने पर उचित स्थान पर स्थित और भी बड़ी शाखा अधिक मितव्ययी होगी।

साधारण किसान के लिये पशु की संख्या

जब तक खेती के लिये और सभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहतीं तब तक संख्या के लिये कोई कड़ा नियम उपयुक्त नहीं है। फिर भी उसकी शाखा में पशु संख्या निर्धारित करने वाले निम्न प्रमुख तथ्य हैं :—

(१) उसके क्षेत्र का रूप तथा सीमा,

(२) दूध तथा बैल की उसकी आवश्यकता,

(३) फार्म में उत्पादित दूध तथा और पदार्थों के लिये बाजार की सुविधाएं, और

(४) पशुधन के प्रजनन के लिये हर किसान का सम्बन्ध।

इसके अतिरिक्त सबसे मुख्य तथ्य किसान को अधिक विकास के लिये फार्म के सारे साधनों का पूरा उपयोग है तथा उसे दूध, बैल तथा खाद सस्ते दाम पर दिलाना है। उदाहरण के लिये बीस एकड़ की भमि के एक किसान के लिए ईख बोने तथा गेहूं की कृषि के लिये ४ बैल, एक गाय तथा एक भैंस और ८ बछड़े पर्याप्त संख्या है। इसी प्रकार क्षत्र भूमि की सीमा बढ़ने के अनुपात से पशुशाखा की सीमा भी बढ़ायी जा सकती है।

गोशाला तथा पिंजरापोलों की पशुशाखाओं में उक्त साधारण आर्थिक नियम लागू नहीं होते क्योंकि इन संस्थाओं में पशु प्रवेश लाभ के लिये नहीं होता। पशु मिलने, खाद्य तथा स्थान साधनों पर बहुत कुछ निर्भर करता है। ये संस्थाएं प्रधानतः रक्षा के केन्द्र हैं। लेकिन आगे इन संस्थाओं में उत्तम नस्ल की गायें मिल सकती हैं

(शेष पृष्ठ ६८ पर)

ए० आर० खान

मिली-जुली खेती

आदिम आदमी ने शिकार तथा जंगली पेड़ों के फलों से अपने जीवन का गुजारा किया था। पुरखों का आम विश्वास था कि मानव जाति ने शिकारी जीवन से बदलकर घुमक्कड़ गड़रिया का रूप धारण किया और बाद में धीरे-धीरे जोतने-बोने वाले किसान की तरह अपना जीवन निर्वाह शुरू किया। कई लोग समझते हैं कि मानव भूख से संघर्ष करने के लिये कृषि अपनाने को विवश हुआ।

अनेक सभ्यताएं खेतीबाड़ी के जन्म का मूलकारण खुद अपने को ही मान सकती हैं। सभी जातियों की प्रारंभिक कृषि अवस्था में खेतीबाड़ी के मूलरूप के अनेक केन्द्र थे। सिंधु सभ्यता के युग से मिली-जुली खेती में की गई प्रगति के ठोस प्रमाण मिलते हैं। वैदिक युग से मिली-जुली खेती तथा कृषि में किये गये विकास के सबल सबूत मिलते हैं। चार हजार वर्ष प्राचीन मिस्त्री पत्थर के खम्भों की मूर्ति कला से ज्ञात होता है कि पशु लकड़ी के हल से जमीन जोतते थे। इन सभी उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि सभ्यता का मूल ही मिली-जुली खेती का प्रारम्भ है। फिर भी, विगत शताब्दी के मध्य से फसल-उत्पादन के लिये मशीन की शक्ति का इस्तेमाल किया जाने लगा है। यद्यपि इससे अत्यधिक औद्योगिक देशों में खेत जोतने के लिये पशुओं के काम का उपयोग बहुत कम हो गया है तथापि खेती के साथ साथ दुधारू पशुधन रखने के कारण मिली-जली खेती के मूल रूप में परिवर्तन नहीं-जैसे हुए हैं। समय की मांग के मुताबिक कई तरीके अपनाये गय और कई हेरफेरों के बाबजूद भी प्रगतिशील किसान अब भी सुगम तरीकों की खोज में हैं। समन्वय की विविधता से मिली-जुली खेती होती रही। लेकिन खेती के भिन्न भिन्न अंगों में एक दूसरे को जिस किसी से अधिक समर्थन मिले वही तर्क संगत है। इन तरीकों में पशु तथा फसलों की तरह मिलने-जुलने वाला तरीका शायद ही होगा। इनमें एक दूसरे को पारस्परिक सहयोग प्राप्त है। पशु भूमि की उर्वरता बढ़ाता है और यही उर्वरता पोषाहार के रूप में भूमि से बाहर जाती है। इसी प्रकार भूमि पौष्टिक तथा स्वादिष्ट खाद्य देकर पशुओं की मदद करती है। भूमि तथा पशुओं को स्वस्थ दशा में रखने के अतिरिक्त, इससे किसान की बुनियादी आवश्यकताएं पूरी होती हैं। श्रम तथा साधनों के सही उपयोग के लिये शायद ही इससे बढ़कर और कोई उत्तम प्रबन्ध होगा।

हमारे देश में कृषि सबसे बड़ा उद्योग है। इससे देश को आधे से कुछ अधिक राष्ट्रीय आय उपलब्ध होती है। लेकिन आबादी तथा पशु संख्या की निरंतर वृद्धि से एक समस्या पैदा हुई है जिसकी पूर्ति जमीन से नहीं हो सकती। भारत में कुल बोने योग्य क्षेत्र ३३ करोड़ एकड़ है जिसमें से १ करोड़ १२ लाख एकड़ में चारे का उत्पादन होता है। वनों को शामिल करके चराई के लिये खुला क्षेत्र भी करीब इसके बराबर ही है। इन साधनों से खाद्य तथा चारे का अनुमानित उत्पादन स्थूलरूप से क्रमशः १ करोड़ ३७ लाख ६० हजार और ७९ करोड़ ६० लाख टन है। करीब ४० करोड़ पशुधन की वास्तविक आवश्यकता की पूर्ति के लिये अनुमानित ८ करोड़ ५ लाख ६० हजार टन दाना तथा १ अरब ८६ करोड़ टन चारा चाहिये। इससे आवश्यकता तथा वास्तविक उत्पादन के बीच काफी फर्क पड़ जाता है। इस लिये देश में अधिक खाद्य तथा चारा उत्पन्न करने की आवश्यकता महसूस की जाती है।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि इस उद्योग के विकास में पशुओं के लिये उचित खाद्य की कमी ही मुख्य अवरोध है। सन् १९२८ में भारतीय कृषि-सम्बन्धी शाही आयोग ने कहा था 'जब तक पशुओं को अच्छी तरह नहीं खिलाया जाता, तब तक उन्नत प्रजनन तरीके से खास सुधार संभव नहीं होगा।" इसी प्रकार बर्न्स ने भारत में 'कृषि-विकास की प्राविधिक संभावनाएं' नामक प्रतिवेदन में लिखा "यदि गायों को पर्याप्त खुराक दी जाये तो सामान्य ग्रामीण गाय औसतन

प्रति व्यक्ति पचास प्रतिशत दूध अधिक दे सकती है।" एक ब्यात दुग्ध काल में हमारी गाय का औसतन उत्पादन करीब ४२० पौंड है जो कि संसार में निम्नतम है। चूंकि भारतीय कृषि से पशुओं को अलग नहीं किया जा सकता इसलिये पशुओं की भूख तथा उनकी तकलीफों को दूर करना चाहिये।

देश में इस उद्योग के भावी विकास के लिये यह आवश्यक है कि भूमि तथा पशु के लाभ के लिये फसल बोने के ढंग में फलीदार फसल शामिल करने का समन्वित तरीका अपनाया जाय। पशु तथा भूमि से अधिक आर्थिक लाभ के लिये उन्नत कृषि देशों में मवेशियों के आहार-उत्पादन पर ज्यादा जोर दिया गया है। भूमि की उर्वरता बढ़ाने तथा भूमि का कटाव रोकने के लिये भी यह सबसे सस्ता तरीका है। प्राप्त सिंचाई-सुविधाओं के कारण, उत्तर भारत में भमि तथा मौसम लाभकर खेती के अनुकूल हैं। यह क्षेत्र पशु तथा फसलों के उचित समन्वय के अनुकूल है। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था द्वारा किया गया कार्य उत्साहवर्धक है। एक किसान परिवार के पांच वयस्क सदस्यों के लिये आहार की तथा पांच वयस्क पशुओं के लिये खाद्य चारे की साधारण आवश्यकताओं का पता लगाने की दृष्टि से सिंचाई सुविधाओं से युक्त अलग-अलग तीन ६ एकड़-टुकड़ों में मिली-जुली खेती का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन से पता चला है कि बरसीम शामिल करने तथा फासफारिक उर्वरक डालने से जमीन का उत्पादन काफी बढ़ गया है। लाभदायक ढंग से खेती करने से एक परिवार के पांच वयस्क सदस्यों, एक जोड़ा बैल, एक गाय, एक भैंस तथा तीन युवा पशुओं के गुजारे के अतिरिक्त, उस परिवार की दुग्ध आवश्यकता की पूर्ति भी की जा सकती है और अतिरिक्त उत्पादन से लाभ भी मिल सकता है। फसल चक्र में बरसीम तथा कोपी शामिल करने से इस जमीन की वार्षिक नगद आय १,१६६ रुपया हुई और फसल चक्र में बरसीम तथा कोपी शामिल न करने पर ६४७ रुपए की वार्षिक नगद आय हुई थी।

मैंने करनाल में उर्वरक के परीक्षण में देखा कि फसल चक्र में बरसीम शामिल करने से धान का उत्पादन बढ़ा। किसान के लिये रबी मौसम में बरसीम की तरह खरीफ में कोपी चारा बहुत महत्वपूर्ण है। यह फसल दुग्ध उत्पादन के उत्तम स्तर के दुधारू पशुओं के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध हुई है। इसने चारे के उत्पादन का स्तर ज्यों का त्यों रखा तथा दूसरे चारों की अपेक्षा उन्हें अधिक समय तक ताजा रखा।

पशुओं को कोपी कई तरीकों से खिलाया जा सकता है। पशु फसल को चर सकते हैं और जोतने पर बाकी बची फसल जमीन की उर्वरता बढ़ाती है। इससे बहुत सूखा घास बनता है जिसे किसी भी मौसम में खिलाया जा सकता है। यदि इसे जई तथा ज्वार के साथ मिलाया जाय तो इससे खासी साइलेज बन सकती है। जिस मौसम में पोषाहार चारा मिलता है ठीक उसी समय पर कई तरह के चारे के बीज बोये जायें तो अधिक समय तक चारा प्राप्त किया जा सकता है। पहले तथा बाद के चारों की बुआई करीब मार्च के आरंभ में शुरू होती है और अगस्त तक चालू रहती हैं। मार्च में बोये गये पहले के चारे के बीजों की फसल मई में तैयार हो जाती है, जब कि बरसीम अधिक समय तक प्राप्त नहीं होता। बाद के बीज नवम्बर तक चारा देते हैं जबकि बरसीम पहली कटाई के लिये तैयार हो जाता है।

खिलाये जाने वाले मो चारे के गुण पर अधिक दुधारू गायों की दुग्ध धारा बहुत कुछ प्रभावित होती है और अधिक दूध पाने के लिये निरंतर रसीला चारा देना आवश्यक है। कोपी तथा बरसीम के चक्र से वर्ष भर हरा पोषाहार चारा मिलता रहता है। मैंने करनाल में रसदार चारा खिलाने पर, तथा थारपरकर नस्ल में उत्तम प्रबन्ध और सावधानी पूर्वक प्रजनन करने से दुग्ध उत्पादन में बहुत सुधार देखा है। दूध तथा फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिये मिली जुली खेती में फलीदार फसलों का महत्वपूर्ण स्थान है। उत्तम चारे की उचित व्यवस्था के बिना वर्तमान परिस्थितियों में पशुधन का कोई भी सुधार संभव नहीं है। फसल शामिल करने से न केवल दुग्ध उत्पादन बढ़ता है, बल्कि जमीन का कटाव रुकता है, साथ ही भूमि की उर्वरता भी बढ़ती है। मौसम के अनुकूल खेती के भिन्न-भिन्न तरीके अपनाये जाने चाहिये तथा चारागाहों का विकास किया जाना चाहिए। कई वर्षों की सजग योजना तथा उत्तम प्रबन्ध के बाद ऐसी हालत आयी है जब कि भूमि पशुओं का भरण पोषण करेगी तथा पशु-भूमि की उर्वरता बढ़ाने के साथ ही अधिक लाभ देगें। ●

मिश्रित खेती किसान के लिये अधिक लाभदायक है

वीरेन्द्र दत्त मुद्गल

नेशनल डेरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट, करनाल (पंजाब)

भारतीय पशुधन ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। इस देश में बैल शक्ति का अवतार और गाय ग्रामीणों की जननी मानी जाती है, क्योंकि हमारे देश की जनता अधिकतर शाकाहारी है और उन्हें प्रोटीन जैसा पोषक तत्व दूध और दूध से बने पदार्थों से ही मिल पाता है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि "गाय और काम करने वाले बैल भारतीय कृषि व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी की तरह हैं।" इस रीढ़ की हड्डी का सन्तुलित होना आवश्यक है। इसलिए इस पशुधन के लिये चारे की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। मिश्रित खेती से अभिप्राय व्यापारिक फसलों के साथ-साथ चारे की फसलें उगाना है।

विदेशों में जहां पर कृषि-व्यवस्था उच्चकोटि की है मिश्रित खेती को अधिक महत्व दिया जाता है। भारत में भी यदि कृषि-व्यवस्था को सुदृढ़ और सामान्य जीवन के स्तर को उच्च बनाना है तो मिश्रित खेती ही लाभकर होगी। अभी तक पंजाब और सौराष्ट्र में किसान मिश्रित खेती करते हैं; अर्थात वे खाद्य फसलों और व्यापारिक फसलों के अतिरिक्त चारे की फसलें भी उगाते हैं जिससे पशुधन के चारे का भी प्रबन्ध स्वयं ही व्यवस्थित रूप से हो जाता है। शेष भारत में पेशेवर ग्वाले ही गायों को पालते हैं और उनके पालने का भी मुख्य कारण गाय से बछड़े पैदा करना और गोबर से खाद बनाना है। परन्तु इन गायों को भी सन्तुलित भोजन न मिलने से गोबर भी निम्न कोटि का ही हो पाता है। परन्तु मिश्रित खेती से यह हानि दूर की जा सकती है।

मिश्रित खेती के लाभ

कृषि के लिये उर्वरा भूमि का होना आवश्यक है और यह उर्वरा शक्ति गोबर की खाद द्वारा भली प्रकार उत्पन्न की जा सकती है। यह अनुमान लगाया गया है कि एक सन्तुलित आहार पाने वाली स्वस्थ गाय एक वर्ष में ६,००० पौंड मूत्र और १६,००० पौंड गोबर देती है जो कि खाद के रूप में खेत में वापस डाला जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के आँकड़ों के अनुसार एक टन खाद पर ५ डालर की अधिक उपज प्राप्त हो सकती है। यह भी देखा गया है कि जब अनाज की फसलें अन्य चारे के फसल-चक्र के साथ उगाई जाती हैं तो उनकी उपज काफी अधिक होती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था के अनुसन्धानों के आंकड़ों से पता चलता है कि औसतन गेहूं की उपज ६०० पौंड है। किन्तु यदि इसी गेहूं की फसल को बरसीम की फसल के बाद बोया जाये तो १,२०० पौंड तक उपज बढ़ाई जा सकती है। यही नहीं बरसीम के एक-तिहाई तक गोबर और मूत्र के रूप में भूमि को वापस भजे जा सकते हैं जब कि अनाज की फसलों में हमेशा भूमि के तल समाप्त होते रहते हैं।

मिश्रित खेती से एक बड़ा फायदा यह है कि किसान पूरे वष कार्य में व्यस्त रहता है। आमतौर पर भारतीय किसान को साल में छः माह कार्य रहता है और फसल काटते और बोते समय तो कार्य इतना बढ़ जाता है कि उसे बाहरी सहायता पर निर्भर रहना पड़ता है। मिश्रित खेती में चारे और अन्य फसलें बोने और काटने का कार्य पूरे वर्ष तक चलता रहता है। इस प्रकार ६ माह का कार्य १२ माह में बँट जाता है और किसान को कभी खाली और कभी अधिक कार्य का बोझ नहीं उठाना पड़ता।

इसके अतिरिक्त जो किसान सिर्फ एक ही मुख्य व्यावसायिक फसल को उगाते हैं उन्हें कभी कभी जोखिम भी उठाने पड़ते हैं। फसल को नष्ट करने वाले कीड़ों के प्रभाव से, समय पर वर्षा के न होने से, अच्छे बीज के न मिल पाने से, भूमि से एक ही प्रकार के तत्वों के नष्ट हो जाने आदि से व्यावसायिक खेती को नुकसान पहुँचता है। परन्तु मिश्रित खेती में यह नुकसान कम हो जाते हैं क्योंकि यदि एक फसल नष्ट हो भी जाये तो अन्य फसलों से लाभ होता

रहेगा और जो कीड़े एक फसल को नष्ट कर देते हैं दूसरी फसल पर उनका प्रभाव नहीं पड़ता ।

इसी प्रकार फार्म पर कई प्रकार के पदार्थ उत्पन्न करने से जैसे गेहूं, जौ और दूध और दूध से बनी वस्तुए बेचने से प्रत्येक माह में किसान को पैसा मिलता रहता ह और उसे पैसे के लिये, कर्ज लेने के लिये नहीं दौड़ना पड़ता । इसके अतिरिक्त हमारे देश में ८० प्रतिशत से भी अधिक गायें प्रतिदिन ४ पौंड से भी कम दूध देती हैं इसका मुख्य कारण चारे का अभाव है, यदि खेती की अन्य फसलों के साथ साथ चारे की फसलें भी उगायें तो पशुओं का पालन-पोषण भी ठीक प्रकार से हो सकेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति भी ठीक हो जायेगी । इस प्रकार कृषि के साथ साथ डेरी उद्योग से भी लाभ उठाया जा सकता है ।

डेरी उद्योग से लाभ

हमारे देश में गायों की कई जातियां हैं जिन्हें यदि ठीक प्रकार से रखा जाय तो एक गाय का प्रतिशत औसत दुग्ध उत्पादन ४००० पौण्ड से ५००० पौण्ड तक हो सकता है। वार्नर ने अपनी पुस्तक "डेरीइंग इन इंडिया" में लिखा है कि गाय यदि ३५०० पौण्ड दूध दे तो चारे का उगाना लाभदायक होगा। यह सर्वविदित सत्य है कि जहाँ पशुपालन काफी उन्नति पर है वहां पशुओं को चरागाहों पर पालने का तरीका अपनाया जाता है । परन्तु हमारे देश में यह तरीका अपनाने में कुछ कठिनाई है । इसका कारण यह है कि प्रत्येक पशु को पालने के लिये २-३ एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है और इस प्रकार ४.८५ करोड़ गायों के लिये १०-१५ करोड़ एकड़ भूमि केवल चरागाह के रूप में ही निकालनी होगी । यह भूमि पूरी बोई जाने वाली भूमि की ३० से ५० प्रतिशत होगी और इस प्रकार अनाज व अन्य फसलों को उगाने के लिये भूमि की कमी पड़ जायेगी। परन्तु मिश्रित खेती में चारे की फसलें जैसे मक्का, ज्वार, लोबिया, बरसीम, जई आदि उगाकर एक किसान दो एकड़ भूमि पर तीन ऐसी गायें रख सकता है जो ४,५०० पौण्ड दूध देती हों और इन गायों को रातव देने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी । ऐसी गाय को स्वस्थ रखने के लिये ८२ पौण्ड चारा, जिसकी कीमत १ रुपया होगी, काफी रहेगा जब कि उसके १२ पौण्ड दूध की बिक्री से रु० ४.५० न० पै० प्राप्त हो सकते हैं । और यदि २ पौंड दूध बच्चे को पिलाने के लिये निकाल दिया जाय और केवल ६६ प्रतिशत ही गोयूथ दूध देता हो और एक गाय पर दो बच्चों को पिलाने के लिये दूध निकाल दिया जाय तो भी एक गाय पर २.०५ रुपया प्रति दिन लाभ होगा । और यदि यही गाय शहर में रक्खी जाय और उस पर दाने, चारे और किराये के लिये भी खर्च करना पड़े तो प्रतिगाय पर लाभ केवल ०.७५ रुपया ही रहेगा। और यदि १० एकड़ भूमि पर १० पौंड दूध देने वाली गायें और २० उनको बदलने वाले पशु रक्खे जायें तो एक गांव की डेरी को ७,५०० रुपये का वर्ष में लाभ हो सकता है ।(इसमें छोटे बच्चों पर जो रुपया लगाया गया उसे ध्यान में नहीं लिया गया ।) जबकि यदि १० एकड़ फार्म पर एक अनाज की फसल ली जाय तो तीन हजार रुपये की आमदनी का अनुमान है और यदि एक वर्ष में २ फसलें ली जायें तो अधिकतम आमदनी ५,००० रुपये हो सकेगी। इस प्रकार हम देखते हैं कि यदि अच्छी दूध देने वाली गायें उपलब्ध हों तो मिश्रित खेती के द्वारा किसान पशु पालकर अधिक से अधिक लाभ उठा सकता है ।

आर्थिक पशुशाला

(शेष पृष्ठ ६४ का)

यदि उत्तम पशुओं को गोसदनों में भेजा जाये तो ये संस्थाएं अधिक उपयोगी काम कर सकती हैं ।

घुमाऊ पशुपालकों के पास अधिक संख्या में पशु रहते हैं । उनकी पशु संख्या खाद्य साधन तथा उनकी पारम्परिक सम्पत्ति पर निर्भर करती है । जब तक उनके पशुओं का स्तर ऊंचा नहीं किया जाता तब तक कोई निश्चित नियम लागू नहीं किया जा सकता । पशुओं के लिये प्राप्त सभी पदार्थों का अधिकतम उपयोग करना ही अनेक पशु शालाओं का प्रधान ध्येय है ।

बिहार की कृषि-व्यवस्था में गोपशु का स्थान

एम० फहीमुद्दीन

भारत के कृषि-प्रधान राज्यों में बिहार का प्रमुख स्थान है। राज्य के ८६ प्रतिशत लोग अपनी रोजी के लिए खेती पर निर्भर हैं। इस यंत्रयुग में भी लार्ड लिनलिथगो के शब्दों में "हमारी खेती का पूरा भार गाय और बैल के कंधों पर है।" हमारी खेती में बैल से अधिक और कोई भी पशु काम में नहीं आता। जुताई, बुआई, सिंचाई से लेकर ढुलाई, दौनी, गन्ना एवं तेलहन पेरने तक खेती एवं घरेलू धंधों के ये सभी काम बैलों से लिए जाते हैं। सुदूर देहात के दुर्गम क्षेत्रों में बोझ ढोने तथा आवागमन के लिए अभी भी बैल हमारे एक मात्र साधन हैं। राज्य के अधिकांश लोग शाकाहारी हैं। उनके लिए दूध और उससे तैयार की गई वस्तुएं ही प्रोटीन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। राज्य के लोगों के स्वस्थ जीवन-यापन के लिए इन चीजों की आवश्यकता उत्तरोत्तर बढ़ती जा रही है। उपरोक्त बातों से राज्य की ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में गाय एवं बैलों का महत्वपूर्ण स्थान सर्वथा स्पष्ट हो जाता है। अतः राज्य की बढ़ती हुई आबादी के लिए खाद्यान्न तथा दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए हमें काफी संख्या में चुस्त और मजबूत बैल तथा दुधारू गायों की आवश्यकता है।

पशु-साधन

१९५६ की पशुधन-गणना के अनुसार बिहार राज्य में गाय-बैलों की संख्या निम्नानुसार लगभग एक करोड़ ४४ लाख है।

(क) सयाने बैल	६३,७९,१५४
(ख) सयानी गाय	४३,०१,३९६
(ग) बाछा-बाछी	३७,१७,८५२
कुल योग	१,४३,९८,४०२

इस प्रकार राज्य के प्रत्येक सौ लोगों के पीछे हमें ३७ गाय-बैल उपलब्ध हैं। राज्य में प्रति वर्गमील गाय-बैल की आबादी का घनत्व २१८ है। लेकिन राज्य में पशुओं की इतनी बड़ी आबादी होते हुए भी हमारे पशुओं की दुग्धोत्पादन-क्षमता तथा भार-वहन एवं कर्षण-शक्ति बहुत ही कम है। एक जोड़े बैल से लगभग ५ एकड़ खेत की जुताई ही संभव है। एक साधारण गाय साल भर में औसतन ६२० पौण्ड दूध देती है। इस प्रकार राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन केवल ४ औंस दूध प्राप्त होता है। लेकिन स्वस्थ जीवन-यापन के लिए प्रतिदिन कम-से-कम १६ औंस दूध मिलना आवश्यक है। अतः राज्य के लोगों के स्वास्थ्य तथा खेती की उन्नति के लिए अपने पशुओं की दुग्धोत्पादन-क्षमता तथा भार-वहन एवं कर्षण शक्ति में वृद्धि लाना सर्वथा आवश्यक हो गया है। इस दिशा में हमारे सामने पशुओं की नस्ल का सुधार, उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक चारे-दाने की उपलब्धि तथा रोग-नियंत्रण की तीन समस्यायें समुपस्थित हैं। राज्य की पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत इन समस्याओं के समाधान के लिए संगठित तौर पर प्रयास किया जा रहा है।

पशुओं की नस्लें

बिहार राज्य में गायों की तीन स्थानीय प्रजातियां हैं:—शाहाबादी, बछौर और लाल पूर्णिया। शाहाबादी सर्वांगीण प्रजाति ह, जो दूध भी अधिक देती है और साथ-साथ उत्तम कोटि के भारवाहक बैलों को भी पैदा करती है। यह बिहार की एकमात्र दुधारू गाय है। उचित पालन-पोषण और व्यवस्था के द्वारा शाहाबादी गाय प्रतिदिन १६ पौण्ड तक दूध दे सकती है। एक दोहन-अवधि में इसके दूध का उत्पादन लगभग २,००० पौण्ड है। शाहाबादी बैल कर्षण एवं भार-वहन के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं।

बछौर बैल कर्षण एवं भार-वहन के लिए सर्वोत्तम हैं। बछौर गाय प्रतिदिन औसतन तीन पौण्ड दूध देती है। लाल पूर्णिया बैल कर्षण एवं भार-वहन के लिए सर्वथा उपयुक्त है। लेकिन गाय सिर्फ अपने बच्चे को पिलाने भर दूध देती है। इन बातों का ख्याल करते हुए और राज्य में अधिक दुग्धोत्पादन की आवश्यकता को ध्यान में रखकर निर्धारित प्रजनन नीति के अनुसार पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत भारवाही प्रजाति के पशुओं की कार्य-क्षमता को कायम रखते हुए उनके दुग्धोत्पादन को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन पर्याप्त संख्या में उन्नत नस्ल के सांडों की कमी होने के कारण इस कार्य को एक बहुत बड़े पैमाने पर आगे बढ़ाने में कठिनाई हो रही है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए कृत्रिम गर्भाधान प्रणाली अपनाने के साथ-साथ ७ राजकीय पशुशालाओं में विभिन्न नस्ल के उन्नत सांढों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इनके अलावा राज्य में स्थापित आदर्श ग्राम खण्डों के किसानों को आर्थिक सहायता देकर उन्हें उन्नत नस्ल के सांडों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उपर्युक्त स्थानीय प्रजातियों के साथ-साथ राज्य के विभिन्न गो-प्रजनन अंचलों में हरियाना, थारपारकर तथा लालसिंधी जैसी उन्नत नस्ल की गायों एवं सांढों की संख्या बढ़ाने के लिए भी राज्य की ओर से पंचवार्षिक योजनाओं के अन्तर्गत संगठित प्रयास किया जा रहा है।

हरियाना और थारपारकर सर्वांगीण नस्लें हैं जो अधिक दूध देने के साथ-साथ उत्तम कोटि के भार-वाहक बैलों को भी पैदा करती हैं। लालसिंधी दूध देने वाली नस्ल है। इस नस्ल की गायें दूध तो अधिक देती हैं लेकिन इन से पैदा हुए बैल भार-वहन के लिए सर्वथा अनुपयुक्त होते हैं।

उपर्युक्त बाहरी नस्लों के अलावा राज्य के छुटपुट भागों में शाहीवाल तथा खास पटना नगर में टेलर नस्ल की दुधारू गायों का भी सम्वर्द्धन व्यक्तिगत प्रयास के द्वारा किया जा रहा है। ये दोनों नस्लें अधिक दूध देने वाली हैं, लेकिन अच्छे भार-वाहक बैलों को पैदा नहीं करतीं।

हमारी खेती गाय-बैल पर निर्भर होने के कारण गांव-वासियों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का प्रश्न पूर्णतया गोसंवर्धन पर अवलम्बित है। हमारे पास उन्नत नस्ल की दुधारू गायों और उत्तम कोटि के भार-वाहक बैलों की कमी है जिसके कारण हमारी तन्दुरुस्ती और खेती उन्नत स्थिति में नहीं है। अतः यह सर्वथा निश्चित है कि पंच-वार्षिक योजनाओं के अन्तर्गत गोसंवर्धन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के साथ-साथ हमारे पास उन्नत नस्ल की दुधारू गायों, सांढों तथा बैलों की संख्या बढ़ती जायगी और इससे कृषि पर आधारित हमारी ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने में भरपूर सहायता मिल सकेगी।

कृषक की अर्थव्यवस्था में गाय का महत्व

(पृष्ठ ६१ का शेषांश)

नहीं है। खेती के लिए वह बछड़े देती है। जमीन को उपजाऊ बनाने के लिए खाद तथा हमको निरोग व शक्ति-मान बनाने के लिए दूध देती है। इसीलिए गो के इन तीनों रूपों को समग्र रूप में देखना आवश्यक है।

कृषकों की अर्थ-व्यवस्था में गाय बैलों का इतना योग होते हुए भी उनकी खुराक व देखभाल के बारे में पशु-पालक इतना ध्यान नहीं देते हैं जितना कि उनको देना चाहिए। वर्षा ऋतु में चरागाहों में तथा खरीफ व रबी की फसल काटने के बाद कुछ अर्से तक पशुओं को कृषक अपने अपने खेतों में चरने के लिए छोड़ देते हैं और इस अर्से में अधिकतर उनको घर पर चारा व दाना नहीं देते। इस प्रकार साल में करीब चार-पांच महीने पशुओं की खुराक चरागाहों व खेतों में बचे हुए चारे पर ही निर्भर रहती है। वर्ष के महीनों में भी कृषक लोग ज्यादातर अपने पशुओं को अच्छी खुराक नहीं देते। दूध देने वाले पशुओं तथा काम में आने वाले बैलों को तो सूखा चारा खिलाते हैं और बाकी के पशुओं अर्थात् बछियें, बच्छों, सूखी गायों तथा काम में न लिए जाने वाले बैलों को पर्याप्त मात्रा में चारा न देकर, उनको इधर उधर फिरने के लिए, रोज सुबह अपने-अपने घरों से छोड़ देते हैं। पशुओं को खिलाने के लिए हरा चारा बहुत कम पैदा किया जाता है। दाना भी केवल काम में लिए जाने वाले बैलों को तथा दूध देने वाली भैंसों को ही दिया जाता है। वह भी न तो सन्तुलित होता है और न पर्याप्त मात्रा में ही। दूध देने वाली गायों, भविष्य में अच्छी गाय बनने वाली बछियों, बछड़ों व सूखी गायों को दाना देने का रिवाज नहीं के बराबर है। पानी भी अधिकतर दिन में दो बार ही पिलाया जाता है। सुबह-शाम गांव के कुएं पर एक ही खेल में (जो कि ज्यादातर साफ नहीं होती) भरे हुए पानी को सब पशुओं को पिलाते हैं। पशुओं की बढ़ोतरी तथा उनके विकास आदि के लिए खिलाने पिलाने की इस प्रकार की व्यवस्था ठीक नहीं है।

डेरी, खेती और भूमि संरक्षण

एस० सी० दास

भूमि हमारी महान विरासत है। इसलिये मानवीय गतिविधि की प्रगति में कृषि द्वारा भूमि के अधिकतम उपयोग का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। इसी दृष्टि से भूमि उर्वरता प्रबन्ध के विचार की महत्ता बढ़ जाती है। यह दुर्भाग्य की बात है कि हम कृषि में केवल लाभ पर ध्यान देते हैं लेकिन भूमि की उर्वरता तथा भावी उत्पादन बढ़ाने की चिन्ता नहीं करते। कृषि उत्पादन तथा भूमि संरक्षण तथा सुधार का उचित समन्वय ही सब से अधिक महत्वपूर्ण है। पौधों की वृद्धि से ही केवल कृषि का सम्बन्ध मानना दोष पूर्ण है। भूमि, पौधे और पशु-सम्बन्ध इन तीनों से ही कृषि का संपूर्ण ढांचा बनता है। इसलिए यदि पशु की उपेक्षा की जाय तो कोई भी खेती का तरीका सफल नहीं हो सकता। पौधे भूमि पर जीते हैं और पशु पौधों पर। लेकिन पौधों तथा पशुओं से प्राप्त पदार्थों पर ही भूमि का जीवन निर्भर करता है। इस तथ्य को आम तौर पर बहुत कम लोग पहचानते हैं। आबादी नित्य बढ़ती जा रही है उसके जीवन स्तर ऊंचा करने के लिए नकद फसलों की उपज पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। फलस्वरूप पशुधन पर कम ध्यान दिया जाता है।

सिंचाई सुविधाओं की तरक्की होने के कारण लगातार अधिक फसल बोने से पदार्थों के रूप में जमीन की उर्वरता घटती जाती है। वस्तुतः भूमि उर्वरता पर निकास बहुत कम है। क्योंकि भारत जैसे उष्ण देश में साधारण भूमि अमौसमीय खनिज पदार्थों में कमजोर रहती है और इन्हीं धातु पदार्थों से भूमि की न्यूनता दूर की जा सकती है। असेन्द्रिक उर्वरकों से भूमि की कुछ न्यूनताएं दूर की जा सकती हैं। कई अध्ययनों से स्पष्ट पता चला है कि पर्याप्त उर्वरकों के प्रयोग मात्र से न तो इस देश में जमीन की उर्वरता पूर्णतः पूरी की जा सकती है और न भूमि की उपज संतोषप्रद स्तर तक बढ़ायी जा सकती है। वर्ष में सिर्फ दो दाना फसल से हमारी भूमि की स्थिति कमजोर हो गयी। इसके अतिरिक्त देश के अधिकांश भाग में हवा तथा पानी कटाव से बहुत हानि हुई है। विश्व-कृषि के अध्ययन से पता चला है कि जब लगातार दाना खेती से भूमि की उर्वरता तथा उपज घट गई तो कई देशों में सभी तरह से पशुओं पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा। फलस्वरूप अब तो स्थिति यह है कि कई फार्मों में भूमि उर्वरता बनाये रखने के लिए पशु रखे जाते हैं। पौधों को पानी, प्राणवायु तथा पोषाहार देने की भूमि की शक्ति पर फसल उत्पन्न करने की भूमि की क्षमता निर्भर करती है। भूमि की बाह्य स्थिति रासायनिक उर्वरता के लिए समान महत्व की है। यही प्रमुख तथ्य है जो भूमि की ऐन्द्रिक वस्तु की महत्ता बढ़ाती है और भूमि को स्थिरता प्रदान करने तथा उसके पानी की शक्ति बढ़ाने में इस वस्तु का महत्वपूर्ण स्थान है। यह एक मान्य तथ्य है कि भूमि से वनस्पति तथा पशु वर्ग द्वारा ऐन्द्रिक पदार्थ तोड़े जाने के फलस्वरूप पौधों की जड़ों को भूमि से पोषाहार मिलते हैं। इस पदार्थ के अभाव में अधिक पौधों को पोषाहार नहीं मिलते। ऐन्द्रिक पदार्थ से भूमि की निम्न आदान-प्रदान स्तर की क्षमता भी बढ़ जाती है और ऐन्द्रिक पदार्थ पानी के मेल से बीज के विकास के लिए अनुकूल परिस्थिति उत्पन्न करते हैं। फसलों के शेषांश तथा पशु खाद दोनों भूमि के ऐन्द्रिक पदार्थ तत्व को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं।

एक हजार पौण्ड वजन की डेरी गाय वर्ष में लगभग बारह टन ठोस तथा तरल खाद दे सकती है और उचित संरक्षण की व्यवस्था करने से इस खाद का अन्तर अस्सी प्रतिशत भूमि के लिए उपयोग किया जा सकता है। डेरी किसान दानों को बेचने के बजाय खरीदता है; अतः प्रोटीन से युक्त जो दाना वह खरीदता है उससे उसकी भूमि की उर्वरता बहुत बढ़ती है। खाद से प्राप्त फासफोरस का

प्रतिशत पशु द्वारा उपभुक्त खाद्य के मुताबिक होता है। यदि डेरी गायों को उत्तम खुराक दी जाय तो उनकी खाद से करीब ६५ प्रतिशत फासफोरस मिल सकता है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि पशु खाद प्राप्त फासफोरस का उत्तम साधन नहीं है। यद्यपि बारह टन खाद उत्पन्न करने वाली एक गाय भूमि को फासफोरिक अम्ल का ६० पौण्ड दे सकती है फिर भी फासफोरस न्यूनता को दूर करने के लिये खाद में सुपरफोसफेट मिलाना चाहिये। नाइट्रोजन गोबर तथा पेशाब दोनों से प्राप्त होता है लेकिन प्रधान रूप से पेशाब से ज्यादा मिलता है। हर वर्ष गाय अपनी खाद में १२० पौंड नाइट्रोजन पैदा करती है और भूमि में नाइट्रोजन की कमी पूरा करने के लिए यह पर्याप्त है।

फसल शेषांश तथा खाद से भूमि को पोटाशियम भी मिलता है। सभी प्रकार के पशुधन जो खाद्य तथा पानी का उपयोग करते ह, उससे पोटाशियम का ज्यादा प्रतिशत हासिल होता है। यदि किसान अपनी फसलों के अधिक हिस्से को पशुओं को खिला दे तो उसकी भूमि के लिये पशु खाद से नियमित रूप से पोटाशियम मिल सकता है। इस तरीके को अपनाने से पोटाश उर्वरकों की कभी जरूरत नहीं पड़ती।

फसल शेषांश या खाद से भूमि को कैलशियम तथा मैगनेशियम की अधिक मात्रा मिल सकती है। यह समझा जाता है कि खाद्य से प्राप्त कैलशियम का ८२ प्रतिशत तथा मैगनेशियम का ६५ प्रतिशत डेरी गाय की खाद बन जाती है।

उक्त तथ्यों से जाहिर होता है कि भूमि संरक्षण योजना में पशुधन खासकर पशुओं से महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है। डेरी खेती में घास तथा चारा फसल उगाने के लिये हजारों एकड़ भूमि की जरूरत पड़ती है और इससे भूमि का कटाव भी रुक जाता है। पौधों की बनी वृद्धि से पानी तथा हवा भूमि को प्रभावित नहीं करते। कुछ लम्बे बारह मासी घास पानी के दबाव को रोक कर भूमि को कटने से बचाते हैं। डेरी पशुओं में मोटे चारों की अधिक मात्रा खाने तथा पचाने तथा फिर उन्हें दूध में बदल देने की जितनी क्षमता होगी उतनी ही घरेलू पशुओं की तरह उनकी महत्ता बढ़ जायेगी। इसलिये डेरी खेती से घास तथा फलीदार फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलता है। जब उत्तम मोटे चारे से आवश्यक पोषक का ७५–८० प्रतिशत मिलता है तो औसत अधिक मितव्ययी दुग्ध उत्पादन हासिल होता है। चूंकि खेत में उत्पन्न चारा डेरी पशुओं के लिए बहुत मितव्ययी खाद्य होता है इसलिए डे ी किसान को भूमि तथा मौसम के अनुकूल वर्ष भर इस प्रकार के खाद्य फसलों को उगाना चाहिये। इन फसलों को पशुओं को खिलाने से पशु खाद तथा फसल शेषांश से अधिकतर भूमि पोषक तत्व हासिल किये जा सकते हैं। इन फसलों में फलीदार परिवार की फसल डेरी फार्म के लिये अधिक लाभदायक है। भूमि को देने के लिए नाइट्रोजन अधिक खर्चीला तत्व है क्योंकि इसके लिये अधिक संख्या के पौधों की जरूरत है। इसके अतिरिक्त भूमि में जो नाइट्रोजन रहता है वह जल्दी खत्म हो जाता है। भूमि को नाइट्रोजन देने के लिए फलीदार उगाना सबसे अधिक व्यवहारिक तथा मितव्ययी तरीका है। उनकी कृषि महत्ता इन गुणों में है :—

१—इनमें अधिक नुट्रिएन्ट, पौष्टिक, कैलशियम तथा फॉसफोरस के गुण रहते हैं।

२—भूमि की उर्वरता बढ़ती है।

हमें कृषि योजनाओं में ऐसे स्थाई खेती के तरीकों पर बल देना चाहिये जिससे पशु तथा फसल पालन का उचित विकास हो सके और जिससे भूमि की उर्वरता घटे बिना अधिकतम उत्पादन प्राप्त हो सके। इस संदर्भ में सर ई० जे० खरलेल का यह कथन ध्यान देने योग्य है "भारतीय कृषि में अधिक चारा फसल उगाने से उपज में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है पशुओं के लिये अधिक खाद्य के माने हैं भूमि की उर्वरता बनाये रखने के लिये अधिक खाद।"

राष्ट्रीय सम्पत्ति में पशुओं की देन

त्रिलोकसिंह संधु

मानव जाति के प्रारम्भिक विकास के साथ ही पशुओं को पालतू बनाने का कार्य शुरू हुआ है। यदि पशुओं का योग नहीं होता तो मानव शायद ही असभ्यता से ऊपर उठा होता। स्कू स्मिथ के अनुसार सभ्यता के विकास में पशुओं का पालन आवश्यक था। डाक्टर ई० वी० मोकोल्लम के अनुसार जिन लोगों ने विज्ञान, साहित्य, कला आदि में अत्यन्त उन्नति प्राप्त की और समर्थ तथा शक्तिशाली हुए, उन लोगों ने दूध का अधिक मात्रा में उपयोग किया है। अतः स्वास्थ्य के लिये दूध प्रकृति की महान देन है। कृषि-कार्य के लिये पाले जाने वाले पशुओं में बैल ही पहला पशु था। संस्कृति-साहित्य के सबसे प्राचीन लेखक का कहना है कि गोपशु वैदिक युग से बहुत पहले पाले जाने लगे थे। माल-सामान आदि कई तरह के बोझ ढोने के लिये बैल का उपयोग किया जाता था। बैलों की भारवाही शक्ति तथा गाय के दूध का महत्व मालूम होने के बाद ही पशुओं की आर्थिक महत्ता का सवाल उठा। सभ्यता के विकास के साथ ही जनता पशुओं को महत्वपूर्ण समझने लगी। पशु हमेशा एक अमूल्य साधन रहे हैं और पशुओं का स्वामित्व समृद्धि का चिन्ह है। भारत तथा संसार के दूसरे देशों में गोयूथ की शक्ति बढ़ती समृद्धि का प्रतीक है।

श्रम के साधन

वर्तमान विकसित सभ्यता में भी—जब कि विज्ञान ने जीवन के हर पहलू को बहुत प्रभावित किया है—भारत में अब भी पशु ही कृषि का मूलाधार है। भारत के कृषि सम्बन्धी शाही आयोग ने लिखा है कि "बैल के बिना कोई भी कृषि संभव नहीं है और किसी भी उत्पादन का यातायात नहीं हो सकता।" डार्लिंग ने तो यहां तक कहा कि, "भारतीय देहाती अर्थव्यवस्था में पशु के सक्रिय सहयोग के बिना किसान का घर खाली हो जायेगा और अन्न तथा पानी का स्वाद भी नहीं रहेगा।" इन वक्तव्यों से स्पष्ट है कि पशुओं का सीधा सम्बन्ध भारतीय कृषि सम्पत्ति से है। आर्थिक दृष्टि से भी संसार में अधिक उपयोगी पशु बैल है और वह किसी दूसरे भारवाही पशु की अपेक्षा अधिक जमीन जोतता है। अतः निकट भविष्य में मशीनीकरण की खेती भी उसकी श्रेष्ठता तथा हमारी परिस्थिति के अनुकूल उसकी उपयोगिता को चुनौती नहीं दे सकता।

सन् १९५६ में तीन वर्ष से अधिक तक कुल पशु संख्या के ४०.५ प्रतिशत नर पशु थे जब कि तीन वर्ष तक के ३१.२ प्रतिशत मादा पशु थे। नर भैंसों की अपेक्षा गोजातीय नर-पशुओं का अधिक प्रतिशत होने का कारण यह है कि किसान कृषि कार्य के लिए बैल को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं। इसीलिये अधिकतर उनका ही प्रजनन करते हैं। गाय सहयोग पशु मानी जाती है। फलस्वरूप हमारे पशुधन उद्योग में इन्हीं पशुओं की अत्यधिक संख्या है।

भारत में १९५४-१९५५ में जोती गई जमीन तथा एक एकड़ जमीन में कृषि पर खर्च के आधार पर पशु-श्रम की कीमत का अनुमान किया जा सकता है। बैलों का एक जोड़ा औसतन १२.८७ एकड़ भूमि जोतता है और वर्ष में उनके पालन का खर्च करीब रुपया ६५३.३० नया पैसा पड़ता है। इस प्रकार प्रति एकड़ क्षेत्र की कृषि का खर्च ५० रुपया ५७ नया पैसा पड़ता है भारत में पशु-श्रम का मूल्य १५ अरब ८१ करोड़ रुपया माना जाता है और यातायात के लिये उनके श्रम का मूल्य लगभग ३६५ करोड़ रुपया आंका जाता है।

खाद संभरण के साधन

डेरी खेती के सामाजिक तथा आर्थिक पहलुओं में सबसे महत्वपूर्ण उत्तम खाद्य का संभरण तथा आर्थिक स्थिरत्व

है। सब पशुओं में उत्पादन क्षमता तथा महत्ता की दृष्टि से डेरी गाय ही अधिक महत्वपूर्ण है। गाय भारी चारे को पौष्टिक मानवीय खाद्य में बदल देती है। मोटे चारे का बाजार मूल्य कम होता है। दूध जैसे आदर्श खाद्य में बदल जाने के बाद उसकी मांग बढ़ जाती ै और खेती की आय भी बढ़ती है। पशु प्रजनन, चारा तथा रोग नियंत्रण की आधुनिक प्रगति ने गाय को खाद्य के आर्थिक उत्पादक की तरह सिद्ध कर दिया है। सन् १९५६ में कुल दुग्ध उत्पादन ४६१,२१६,००० मन है और प्रति मन बीस रुपये के हिसाब से इस दूध का मूल्य ९ अरब २२ करोड़ ४० लाख रुपया है।

पशु भूमि को खाद देते हैं

पशु की खाद से भूमि की उर्वरता बढ़ती हैं। फलस्वरूप कई तरह से नगद तथा खाद्य फसलों में वृद्धि होती है। लगातार फसल उगाने से भूमि की उ र्वरता घट जाती है लेकिन पशु की खाद जमीन की उ र्वरता को बढ़ाती है। खाद का गीलापन भूमि के स्तरीय विकास के बहुत अनुकूल पड़ता है। फलस्वरूप भूमि का कटाव रुक जाता है। खाद देने से भूमि की पानी खींचने की क्षमता बढ़ती है। अच्छी भूमि तथा स्वस्थ पशु एक दूसरे के पूरक हैं इसके अतिरिक्त मिली-जुली खेती से कई प्रकार के लाभ होते हैं। सन् १९५६ में गोजातीय पशुसंख्या का कुल दैनिक खाद उत्पादन एक अरब रुपया अनुमानित किया गया। कुछ गोबर जलाया गया और कुछ का खाद की तरह उपयोग किया गया है। प्रति टन गोबर का मूल्य दस रुपया माना गया और कुल गोबर का मूल्य करोड़ों रुपया है।

भारतीय भूमि के लिये अनुमानित नत्रजन की वार्षिक आवश्यकता तीस लाख टन है जो कि वर्तमान खाद से प्राप्त किया जा सकता है। क्यों कि खाद में ०.२५ प्रतिशत नत्रजन रहता है। हमारी खाद में प्राप्त कुल नत्रजन अमोनियम सल्फट में प्राप्त १ करोड़ ४० लाख टन नत्रजन के समान है। श्री आचार्य के अनुसार दस लाख टन म प्राप्त नत्रजन से एक करोड़ टन खाद्य-दाना की अतिरिक्त उपज होती है। इससे भारतीय भूमि की क्षमता बढ़ती है।

डेरी उद्योग तथा रोजगारी

पूरी रोजगारी देना ही सभी कल्याणकारी राज्यों का लक्ष्य होता है। बेरोजगारी की समस्या हल करने में डेरी उद्योग महत्वपूर्ण योग दे सकता है। किसान तथा उपभोक्ता के बीच दुग्ध वितरण में कई लोग काम कर रहे हैं। सरकार जन-स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा और कई कार्यों के लिये अनेक नियम लागू करने के लिए कई लोगों को नियुक्त करती है। दुग्ध उत्पादन तथा उसे बाजार में पहुंचाने के काम में अनगिनत आदमी लगे हुए हैं। भारत सरकार के कृषि विषयक सलाहकार ने अनुमान किया है कि इस धन्धे में लगभग दो करोड़ उत्पादक तथा वितरक काम कर रहे हैं। अतः स्पष्ट है कि सुविकसित डेरी उद्योग से हजारों को रोजगारी मिल सकती है।

संसार की आधुनिक सभ्यता में जूते आदि कई वस्तुएं पशु-चमड़े से बनाई जाती हैं। चमड़े से उत्पन्न विभिन्न पदार्थों का मूल्य लगभग २ अरब ५० करोड़ रुपया है। भारत संसार के कुल चमड़े का २० प्रतिशत उत्पन्न करता है इसका दाम करीब ५० करोड़ रुपया है। पशु के सींग तथा हड्डियों से उर्वरक बनाये जाते हैं। उनके बाल तथा खुर से अनेक वस्तुएं बनाई जाती है। अतः पशुपालन भारतीय अर्थ व्यवस्था का मूलाधार है।

हमारी राष्ट्रीय आय में पशु धन की देन अमूल्य है। भारत में डेरी उद्योग से कुल राष्ट्रीय आय का आधा हिस्सा प्राप्त होता है। पशुधन की देन के बारे में कई अनुमान लगाये गये हैं। उन सभी आंकड़ों से स्पष्ट है कि पशुधन हमारी राष्ट्रीय आय का महत्वपूर्ण साधन है।

आर्थिक उन्नति में पशुओं का योग

कपिल दवे

ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था में पशुओं का महत्वपूर्ण स्थान है। गाय दूध के उत्पादन में और बैल खेती-बाड़ी के कामों में सहायता पहुंचाते है। बैलों के द्वारा जमीन की जुताई होती है। रहट में जोतकर खेत में पानी देने के लिए इनका प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त बैल खेत में उत्पादित अन्न को बाजार तक ले जाने में सहायता पहुंचाते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते ह कि उन कठिन और दुर्लभ मार्गों में, जहां अन्य प्रकार के यातायात सभव नहीं, बैल ही साधन के रूप में उपयोगी सिद्ध होते हैं। बैल केवल यातायात के ही प्रमुख साधन नहीं बल्कि इनसे कृषि के आरम्भ कार्य बुआई और कटाई, और अन्तिम कार्यों तक सहायता मिलती हैं। खेती-बाड़ी की उन्नति का फल यह होगा कि राष्ट्र के धन-धान्य में वृद्धि होगी। किसान की आर्थिक अवस्था सुधर जायगी और साथ ही वे अच्छे नस्ल के पशुओं को खरीद कर अपनी और उनकी कार्य-क्षमता में वृद्धि कर सकेंगे। सामूहिक खेती में गाय और बैल भारतीय किसान की आर्थिक व्यवस्था को अवश्य सुधार सकते हैं।

स्वास्थ्य के लिये जैसे अन्य खाद्यान्न उपयोगी और आवश्यक हैं उसी प्रकार शरीर में बल-स्फूर्ति के लिए दूध भी आवश्यक है। एक मनुष्य को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए १ औंस दूध की आवश्यकता बताई गई है, पर आज ऐसा नहीं हो रहा है। आने वाले वर्षों में जब जनसंख्या में कहीं अधिक वृद्धि का अनुमान किया जाता है इसी प्रकार दूध के उत्पादन में भी वृद्धि आवश्यक है।

जहां हमने स्वास्थ्य की दृष्टि से मवेशियों के विषय में सोचने का प्रयास किया है, वहीं हमारे लिए उनके आर्थिक ला पर भी दृष्टिपात करना आवश्यक है। गाय और बैल, दूध और खाद्यान्न की उत्पत्ति में तो योग देते ही हैं, साथ ही इनके चमड़े और हड्डी भी हमारी आर्थिक व्यवस्था के सुधार में योग देते हैं।

पशुओं की कार्य क्षमता के विषय में यह अनुभव किया गया है कि बैलों ने प्रतिवर्ष ११,८५३ करोड़ घंटे कार्य करके खेत को जोतने और बोने, गाड़ियां व अन्य प्रकार के परिवहन चलाने आदि में योग दिया। उनके कार्य करने से लगभग कई सौ करोड़ रुपया वार्षिक लाभ का अनुमान किया जाता है। इस आधार पर आर्थिक अनुसंधान विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय पूंजी की बढ़ोतरी में पर्याप्त वृद्धि का अनुमान लगाया है और उनका ऐसा विश्वास है कि तीसरी योजना में और भी अधिक वृद्धि हो सकेगी।

दूध के उत्पादन में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कई सौ करोड़ टन दूध का उत्पादन किया जा सका है। हम देखते हैं कि उस सम्पति का ४० प्रतिशत घी और ६.१ प्रतिशत मक्खन के उत्पादन में सहायक हुआ है। शेष अंश का प्रयोग खोआ, दही तथा अन्य दूध की वस्तुएं निर्मित करने में हुआ है। डेरी द्वारा उत्पादित वस्तुओं का मूल्यांकन ४०० करोड़ रुपया किया गया है। शनैः शनैः हर वस्तु के मूल्य में वृद्धि सम्भावित है उसी प्रकार इनका मूल्य भी बढ़ जाएगा, एसा सोचा जा रहा है।

एक बैल शारीरिक परिश्रम के अतिरिक्त हमें अन्य दूसरी वस्तुओं से भी आर्थिक लाभ पहुंचाता है। बैल का अनुमानतः गोबर प्रतिवर्ष ४ टन होता है और उसका मूत्र लगभग १।। टन होता है जिसे प्रयोग करके खेती की शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। गोबर का प्रयोग उपले बनाकर ईंधन के रूप में किया जाता है। यह एक तरह का दुरुपयोग है।

दुःख का विषय है कि भारत में अधिकांश गायों के गोबर का प्रयोग ईंधन के रूप में किया जाता है। यदि इसका उपयोग खाद के रूप में किया जाए तो निश्चित है कि जमीन की उर्वरा शक्ति में वृद्धि की जा सकती है। इसलिए हमारा प्रधान कर्तव्य यह हो जाता है कि हम किसानों को गोबर की महत्ता समझाएं और उससे होने वाले आर्थिक लाभ और हानि पर प्रकाश डालें। खाद बनाने वाले विशेषज्ञों का कथन है कि भारत में प्राप्त गोबर का

दो तिहाई भाग का ईंधन के रूप में प्रयोग किया जाता है और एक तिहाई खाद बनाने के काम में लाया जाता है। इन आंकड़ों को देखकर यही निष्कर्ष निकाला गया है कि अधिक से अधिक मात्रा में गाय का गोबर खेती की शक्ति को उर्वरा बनाने में लगाया जाय। जमीन की शक्ति का अर्थ होगा कि पौधे स्वस्थ और बलशाली होंगे और खाद्यान्न की मात्रा बढ़ेगी।

यही नहीं, यदि भारतीय किसान बैलों और गायों की भली प्रकार देखरेख करें और उनका उपयोग भली प्रकार से हो तो सीमित साधनों के होते हुए भी ये पशु हमारी खेती-बाड़ी की कठिनाईयों को दूर कर सकते हैं। उदाहरण के लिए हमारे सामने दो समस्यायें हैं : निश्चित समय पर वर्षा का अभाव और सामूहिक खेती का न होना। बैलों के द्वारा हम अपनी सिंचन क्रिया को कार्यान्वित करके जल के अभाव को दूर कर सकते हैं और सामूहिक रूप में हम इनका प्रयोग जोतने, बोने, काटने और बाजार तक यातायात के रूप में कर सकते हैं। इस क्रिया के द्वारा हम बेरोजगार और अनपढ़े व्यक्ति को कार्य देने में समर्थ हो सकते हैं। जब खेती मे उत्पत्ति की वृद्धि हो ी तो उससे जो अधिक लाभ किसान को होगा उससे वह अच्छी नस्ल के पशुओं को खरीद सकेगा और खेती में मौजूद कुरीतियों को दूर कर सकेंगे।

केवल अच्छी नस्ल के पशु का होना ही किसान के लिए लाभकारी नहीं, उसके लिए हमें अन्य सहायक प्रक्रियाओं पर भी ध्यान देना होगा। अच्छे चारे और चरागाह का होना भी आवश्यक है। यदि सामूहिक खेती की क्रिया को अपना लिया जाए तो बलवर्द्धक चारे और चरागाह की उत्पति और भी बढ़ाये जा सकेंगे। किसानों के लिए ऐसा करना कठिन नहीं। यदि अच्छे प्रकार के चारे की बोआई की जाए, उन्हें भली प्रकार साफ करके काटा जाय, उसका अधिकाधिक सदुपयोग किया जाये तो पशु-खाद्य की समस्या हल होने में सहायता मिल सकती है।

हमारे देश के पशु-पालकों में एक गलत धारणा यह बन गई है कि पशु दूध दें या न दें, गोबर की प्राप्ति उससे अवश्य होती है। यह धारणा अधिक हानिकारक है। कारण जितना गोबर हमें पशु से प्राप्त होगा उससे क ी अधिक मूल्यवाले चारे के खरीदने का प्रबन्ध हमें करना होगा।



सहयोगी लेखक

य. म. पारनेरकर	: अखिल भारतीय गोसेवा संघ के मंत्री, महात्मा गांधी के सहयोगी ।
जी. सी. जुनेजा	: एम. आर. सी. बी. एस. निदेशक मध्यप्रदेश पशु चिकित्सा तथा पशु पालन विभाग ।
वी. ना. दवे	: बी. एजी०, ए० आइ० डी० आइ० केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद में टेकनीकल आफिसर ।
बसन्तीलाल छाबड़ा	: गोशाला विकास अधिकारी, राजस्थान, जयपुर ।
सी. बी. सिंह	: असिस्टेंट डाइरेक्टर, स्टेट मेकनाइज्ड फार्म, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
ए. आर. खान	: फसल उत्पादन विशेषज्ञ, विस्तार निदेशालय खाद्य-कृषि मंत्रालय, नई दिल्ली ।
वीरेन्द्रदत्त मुदगल	: नेशनल डेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट से संबद्ध ।
एम. फतीमुद्दीन	: पशु प्रदर्शनी अधिकारी, बिहार, पटना ।
एस. सी. दास	: नेशनल डेरी रिसर्च इंस्टीट्यूट में अधिकारी ।
त्रिलोकसिंह सन्धु	: भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध ।
कपिल दवे	: पत्रकार ।



गोसंवर्धन

(अंग्रेजी-हिन्दी सचित्र मासिक)

गोसंवर्धन में गोसंवर्धन तथा तत्संबन्धित विषयों जैसे प्रजनन-प्रणाली, पशुआहार, उन्नत गोवंश, डेरी तथा पशुपालन प्रणाली, चारे की फसलें तथा उसकी खेती, पशु-चारा तथा उसका उत्कृष्टतर उपयोग, अतिरिक्त घास तथा पशुचारे का संरक्षण, चरागाहों का सुधार, दूध तथा उसका उपयोग, डेरी-उद्योग का विकास, मवेशियों के रोग, रोगों पर नियन्त्रण तथा उनका उपचार, दूध का सहकारिता के आधार पर विक्रय, गोशालाओं तथा पिंजरापोलों का विकास, मुख्य ग्राम योजना, पशु प्रदर्शनी, दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता, पशु-हाट, आदि पर लेख रहते हैं।

गोसंवर्धन किसानों, पशुपालकों, गव्यशाला के कार्य-कर्त्ताओं, पशु-चिकित्सकों, मुख्य ग्राम अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, विस्तार कार्य-कर्त्ताओं, गौशालाओं तथा पिंजरापोलों के संचालकों तथा कृषि, पशु-चिकित्सा एवं डेरी के छात्रों के लिए पथ-प्रदर्शन का कार्य करता है। उपर्युक्त विषयों पर मौलिक लेख, प्राविधिक नोट, वैयक्तिक अनुभव, पशु प्रदर्शनी तथा पशु-मेले प्रतियोगिता, गोसंवर्धन-समारोह, गो-सम्मेलन आदि के संक्षिप्त विवरण सहायक सम्पादक, केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद, १६-ए आसफ़ अली रोड, नई दिल्ली के पते पर भेजने चाहिए। लेख हिन्दी या अंग्रेज़ी दोनों में से किसी एक भाषा में हो सकता है। लेख साफ़ कागज पर एक तरफ़ टाइप किया गया हो। दो पंक्तियों के बीच का व्यवधान दुगना हो। हो सके तो लेख के साथ तत्सम्बन्धित चित्र भी हों।

गोसंवर्धन में निम्नलिखित विषयों के विज्ञापनों को भी स्थान दिया जाता है—कृषि एवं गव्यशाला सम्बन्धी यन्त्र, पशु चिकित्सा से सम्बन्धित उपकरण, बागवानी के काम में आने वाले औज़ार, खाद एवं उर्वरक, पशु-चारा, पेटेंट तैयार की गई वस्तुएं, प्रयोगशाला के उपकरण, रासायनिक एवं भैषज्य-सम्बन्धी उत्पादन कीटाणुनाशक एवं छूत रोग निरोधक औषधियां, सिंचाई के यन्त्र तथा उपकरण, कुट्टी काटने का यन्त्र, घास की गांठें बनाने का यन्त्र, बाड़ के काम आने वाली वस्तुएं, बीज तथा पौधे, पशु-प्रदर्शनियां तथा मेले, गोशाला, कृषि एवं प्रजनन केन्द्रों के उपकरण, मवेशियों का क्रय-विक्रय, गव्यशाला में तैयार की गई वस्तुएं, प्रशिक्षण-पाठयक्रम, कृषि-सम्बन्धित पुस्तकें एवं पत्र-पत्रिकाएं, पशु-चिकित्सा तथा तत्सम्बन्धित अन्य विषय आदि।

चन्दा

वार्षिक	रु. ९.००,
एक प्रति	७५ नये पैसे

नोट: गोसंवर्धन का वार्षिक चन्दा ९ रुपये है। बैंक द्वारा भेजते समय इस चन्दे में बैंक चार्जेज शामिल करना अनिवार्य है। इसी तरह मनीआर्डर द्वारा पूरे ९ रुपया आना चाहिए। मनीआर्डर कमीशन ग्राहक को देना होगा

विज्ञापन की दर, एजेन्सी की शर्तें आदि के बारे में पूछताछ निम्नलिखित पते पर करें—

सेक्रेटरी,

केन्द्रीय गोसंवर्धन परिषद्,

१६-ए आसफ़अली रोड,

नई दिल्ली।

Notice

Gaushala Managers' Training Course

Admission to the January-December 1961 Session at Gaushala Managers' Training Centres at Karnal and Sanosra.

The Central Council of Gosamvardhana has established two Gaushala Managers' Training Centres, one at Karnal, (Punjab) and the other at Sanosra (Gujerat), where one year training (theoratical and practical) in Agriculture, Cattle Husbandry, Veterinary First-aid, Dairying, Flaying and Carcass Utilisation is imparted to the nominees of the Gaushala institutions.

During the course of the training, each trainee is paid a monthly stipend of Rs. 40.00 by the Council. No tution fee is charged and the trainees are provided free hostel accommodation. Expenses on journeys for joining the Training Centre and for returning to their institutions after the completion of training and on other items are to be borne by the trainees themselves.

The next batch of 20 trainees at each of the Training Centres, out of the nominees of the Gaushala institutions recommended by the State/Union Territory Departments of Animal Husbandry will be taken up at the Centres sometime in January 1961. The candidates to be recommended for this training course should have passed the Matriculation Examination of a recognised University or an equivalent examination. They should possess good knowledge of Hindi which is the medium of instructions. They should not ordinarily be over 30 years of age and should possess normal physique. The prescribed educational qualifications and age limit can be relaxed in otherwise deserving cases.

Each candidate for the training would be required to execute a stamped bond worth Rs. 1-50 nP to the effect that he will serve his nominating Gaushala institution for a period of at least five years after the training. The respective Gaushala institution will also have to give an undertaking (on stamped paper worth Rs. 1-50 nP) to the effect that they will employ its nominee for a period of at least five years after the completion of his training. Either party, in default will have to refund the entire amount paid to the trainee by the Council by way of stipend with due interest.

During the training course, any trainee not conforming to the instructions regarding training conveyed to him by the Council or on continued adverse reports on his conduct, will be liable to be expelled from the training and for the refund of entire amount paid to him by way of stipend (with due interest) to the Council.

The terms and conditions for employment etc. will however, be mutually settled between the candidates and their sponsoring Gaushala institutions.

State Governments may select, in consultation with the State Federation of Gaushalas and Pinjrapoles, suitable candidates and forward their names and particulars to the Council so as to reach by the 30th November, 1960, at the latest.

GOSAMVARDHANA

(An English-Hindi Illustrated Monthly)

Subscription

Annual: Rs. 9.00

Single copy: Re. 0.75

(*Exclusive of M.O. Commission/Bank Draft Charges*)

Gosamvardhana is a monthly journal containing original articles on cattle development and allied subjects, namely, breeding methods, feeding and improved cattle dairy husbandry practices, fodder crops and their cultivation, cattle feeds and their better utilisation, conservation of surplus fodder and grasses, improvement of grazing areas, milk and its utilisation, development of dairy industry, co-operative marketing of milk, cattle diseases and their control and treatment, development of *Gaushalas* and *Pinjrapoles*, Key Village Scheme, cattle shows, milking competitions, cattle markets, etc.

Gosamvardhana is a useful guide to Agriculturists, Cattle Husbandsmen, Dairy Workers, Veterinarians, Key Village Officers, Block Development Officers Extension Workers, Managements of Gaushalas and Pinjrapoles, and Students of Agriculture, Veterinary and Dairying.

Contribution in forms of original articles, technical notes, personal experiences, brief accounts of cattle fairs and shows, competitions, *Gosamvardhana* celebrations, *Gosammelans*, etc., may be sent to the Assistant Editor, Central Council of Gosamvardhana, 16-A Asaf Ali Road, New Delhi.

Contributions may be in Hindi or English preferably typed with double-spacing on one side of the paper. The articles may be suitably illustrated wherever possible.

The Gosamvardhana also accepts advertisements for agricultural and dairy equipment, veterinary appliances, gardening tools, manures and fertilisers, cattle feeds, laboratory equipment, chemicals and pharmaceutical preparations, insecticides and disinfectants, irrigation equipment, fodder chaffing machines, grass baling equipment, seeds and plants, cattle shows and fairs, general equipment for farms and dairies, cattle sales and purchases, dairy products, training courses, books and periodicals, etc.

Enquiries regarding subscriptions, rates of advertisements, and agency terms may be addressed to:

The Secretary,
Central Council of Gosamvardhana,
16-A, Asaf Ali Road,
NEW DELHI-6

Contd. from page 14

A Healthy Cycle



An Unhealthy Cycle



Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY.**

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

TELEPHONE : 23—5552

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs.,
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.